हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 26 मई 2025



# भागवत के खिलाफ निंदा प्रस्ताव, विभा और महेन्द्र को निष्कासित करने का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव





प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए विभा साहू और उपाध्यक्ष पद के लिए महेन्द्र यादव को उम्मीदवार घोषित किया था। उन्हें अब ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने निष्कासित कर दिया है। ब्लॉक कांग्रेस ने जिला इंका अध्यक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित करने के साथ पार्टी के कार्यक्रम से निष्कासित करने का भी निर्णय लिया है। कांग्रेस के इस चौंकाने वाले फैसले के बाद संगठन में अंतरकलह बढ़ने के आसार बन गए हैं।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने स्थानीय कांग्रेस भवन में बैठक का आयोजन किया था। बैठक में संविधान रैली की रूपरेखा तय की गई। संविधान रैली आगामी 28 मई को पुराना बस स्टैंड से निकलकर नगर भ्रमण करते हुए वापस पुराना बस स्टैंड पहुंचकर समाप्त होगी। ब्लॉक अध्यक्ष चेतन साहू और कार्यकारी अध्यक्ष गणेश साहू के हस्ताक्षर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार बैठक में नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव में पार्टी से बावगत कर निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले एवं उनके साथ पार्टी के विरूद्ध काम करने वालों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई कर 6 वर्षों के लिए बाहर करने का प्रस्ताव पारित किया गया, जिन्हें निष्कासित किया गया है उसमें नगर पंचायत के निवर्तमान उपाध्यक्ष ललित लोढ़ा, विधायक प्रतिनिधि रहे रवि शुक्ला, पूर्व पार्षद किशोर बोहरा और विष्णु सोनी शामिल हैं।

## ब्लाक कांग्रेस कमेटी की बैठक में निर्णय, कांग्रेस में मचा घमासान



### जिपं सदस्यों के कार्यक्रमों में शामिल नहीं होंगे कांग्रेसी

जीत की संभावना के बाद भी नेताओं की हठ के चलते टिकट से वंचित विभा साहू, महेन्द्र यादव और अंगेश्वर देशमुख ने जिला पंचायत चुनाव में जीत दर्ज किया था। परिणाम आने के बाद प्रदेश कांग्रेस ने विभा को अध्यक्ष और महेन्द्र यादव को उपाध्यक्ष पद का अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया था। चुनाव के लंबे समय बाद ब्लॉक कांग्रेस ने अधिकृत प्रत्याशियों के विरूद्ध चुनाव लड़ने की वजह बताते हुए विभा साहू एवं महेन्द्र यादव को भी निष्कासित कर दिया है। वहीं संगठन ने चौंकाने वाला निर्णय लेते हुए जिला पंचायत चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों के विरूद्ध खुलकर काम करने वाले जिला इंका अध्यक्ष भागवत साहू के विरूद्ध निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। संगठन ने ब्लॉक कांग्रेस के कार्यक्रम से भागवत साहू का बहिष्कार करना तय किया है।

### निर्णय गलत

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी को निष्कासित करने का अधिकार नहीं है, जो निर्णय लिया गया है, वह पूरी तरह गलत है। इस संबंध में पीसीसी को जानकारी से अवगत करा दिया गया है। -**भागवत साहू**, अध्यक्ष

### हास्यास्पद कार्रवाई

हम लोग जिला पंचायत के साथ-साथ पीसीसी के भी सदस्य हैं। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पास निष्कासित करने का अधिकार ही नहीं है। पूरी कार्रवाई हास्यास्पद है। - **महेन्द्र यादव**, सदस्य, जिला पंचायत

## खबर संक्षेप

### ढाबा से दान पेटी चोरी, आरोपी गिरफ्तार



**राजनांदगांव**। बंद ढाबा से दान पेटी चोरी होने के मामले में जांच पड़ताल करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार तुमडीबोड पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 24 मई को ग्राम तुमडीबोड के यारा द ढाबा में रखे दान पेटी। जिसमें करीबन 7000-8000 रुपए रखे थे। जिसको अज्ञात चोर द्वारा चोरी करने की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध विवेचना कार्रवाई में लिया गया।

पुलिस चौकी तुमडीबोड द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए ढाबा में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी राघेश्वर साहू को ग्राम कोपेडीह के पास से अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा चोरी करना व जुर्म स्वीकार करने पर आरोपी से चोरी किए गए मशरूका को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड प्राप्त कर जेल भेजा गया।

## खनिज विभाग भी कार्रवाई में पीछे, शासन को राजस्व का नुकसान

# पीएम आवास के आड़ में चल रहा अवैध रेत खनन, पहले की कार्रवाई बेअसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिलेभर में खनिज संपदा की लूट मची है। बेजा खनन की लगातार शिकायतों के बाद भी खनिज और राजस्व महकमा अंकुश लगाने में पूरी तरह फेल साबित हो रहे हैं। वहीं खनिज की चोरी के मामले में डोंगरगांव क्षेत्र खनिज माफिया के लिए जन्नत बना हुआ है। वजह यह है कि इस खेल में भाजपाई भी सहभागिता निभा रहे हैं। यहां 50 हजार रुपए महीना देने पर रेत-मुरूम खनन और परिवहन की खुली छूट मिल रही है। रेत के खनन से नदियों की लगातार दुर्दशा होने के बाद सत्तारूढ़ भाजपा नेता और उनके करीबी उगाही करने में लगे हैं।

जानकारी के अनुसार डोंगरगांव क्षेत्र के मटिया, करियाटोला, सालहे, रातापायली, दर्री, बगदई , घोरदा, कविराजटोला आदि से अंधाधुंध रेत का बेजा खनन और परिवहन किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार पूरा खेल प्रधानमंत्री आवास योजना की आड़ में चल रहा है। योजना के हितग्राहियों को मिली छूट का पूरा फायदा माफिया उठा रहा है। क्षेत्र की कई जगहों पर मेटाडोर आदि में दिनदहाड़े रेत को लोड करते देखा जा रहा है तो कहीं छोटे वाहनों से निकासी करने के बाद डंप कर थोक में बेचा जा रहा है।



### कार्रवाई के बाद मौन

जानकारी के अनुसार हाल के दिनों में नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, भाजपा अध्यक्ष दीना पटेल, पूर्व अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, पार्षद राजा, भाजयुमो अध्यक्ष प्रवेश ठाकुर ने करियाटोला से रेत की निकासी रोकने के लिए रैंप का तुड़वा दिया था। वहां से अब भी रेत की निकासी बेरोकटोक हो रही है, जिसे रोकने का प्रयास करने के बजाय सबने चुप्पी साध लिया है। हल्ला तो यह है कि नेताओं और माफिया के बीच डील हो गई है।

### खोल दिया एनीकट का गेट

राजीनीतिक और प्रशासनिक पोषित खनिज माफिया ने सीमा लांघते हुए रेत निकासी के लिए बीते दिनों सांकरदाहरा एनीकट के चार गेट को खोलकर पूरा पानी बहा दिया। अज्ञात आरोपियों ने गेट की राड को भी क्षतिग्रस्त कर दिया था, ताकि दोबारा बंद न किया जा सके और चांदो, साल्हे सहित अन्य स्थानों से रेत की निकासी हो सके। जल संसाधन विभाग और ग्रामीणों ने इस आशय की शिकायत डोंगरगांव थाना में की है, किन्तु अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। उल्लेखनीय है कि हरिभूमि ने पहले ही कार्रवाई होने पर संदेह जताया था, जो सच साबित होते दिख रहा है।

### चूना-पत्थर का भी अवैध उत्खनन

जिले के ठेलकाडीह के समीप एक गांव में चूना-पत्थर के अवैध उत्खनन की शिकायतें भी सामने आ रही है। बताया जाता है कि जनपद पंचायत के एक पूर्व सभापति ने इस आशय की शिकायत खनिज विभाग से की थी। ठेकेदार द्वारा लेनदेन किए जाने के बाद पूर्व सभापति ने जहां अपनी शिकायत वापस ले ली। वहीं खनिज विभाग ने भी इसकी जांच में कोई रूचि नहीं दिखाई।

# नौतपा के पहले दिन 32 डिग्री रहा अधिकतम पारा

## आज भी अंधड़ के साथ बारिश के आसार



- राजनांदगांव में 4 सेमी, मोहला में तीन सेमी बारिश की गई दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण बदले हुए मौसम के चलते इस बार नौतपा के पहला दिन ही ठंडा बीता। नौतपा के पहले दिन रविवार को अंचल का अधिकतम तापमान महज 32 डिग्री सेल्सियस पर रहा, वहीं आज भी अंधड़ के साथ बारिश की संभावना जताई गई है।

इधर मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण पश्चिम मानसून को आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियों बनी हुई है। अगले तीन दिनों में मध्य अरब सागर के कुछ और भाग, महाराष्ट्र के कुछ और भाग, कर्नाटक के कुछ और भाग, आंध्र प्रदेश के कुछ और भाग, तमिलनाडु के बचे हुए भाग, पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी और उससे लगे उत्तर बंगाल की खाड़ी के कुछ और भाग, तथा उत्तर पूर्व राज्य के कुछ और हिस्सों में पहुंचने की संभावना है। एक चिन्हित कम दबाव का क्षेत्र दक्षिण मध्य महाराष्ट्र और उससे लगे मराठवाड़ा तथा उत्तर अंदरुनी कर्नाटक के ऊपर स्थित है। इसके धीरे-धीरे पूर्व की ओर अगले 24 घंटे तक आगे बढ़ते हुए कमजोर होने की संभावना है।

एक ऊपरी हवा का द्रोणिका पूर्व मध्य अरब सागर से उत्तर उड़ीसा तक मध्य महाराष्ट्र उत्तर तेलंगाना दक्षिण छत्तीसगढ़ होते हुए 1.5 किलोमीटर से 4.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में कल 26 मई को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने, वज्रपात होने तथा भारी वर्षा होने की संभावना है।

## 50 से अधिक ठिकानों पर मारा छापा

# सार्वजनिक स्थलों पर शराब सेवन करने वालों के खिलाफ एक्शन, दो दिन में 30 कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला



हाईवे के किनारे से लेकर सार्वजनिक स्थलों और होटलो को मैं खाने में तब्दील करने वाले लोगों पर पुलिस कप्तान वायपी सिह के सख्त निर्देश के बाद मोहला-मानपुर-अंबागढ चौकी जिले मे पुलिस प्रशासन के द्वारा ताबड़तोड़ कार्रवाई प्रारंभ की गई है। दो दिनों के भीतर सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने/पिलाने एवं अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालों के विरुद्ध 30 प्रकरण दर्ज किए गए है। उल्लेखनीय है कि जिले मे शराब के नशे में हो रहे सड़क हादसो के साथ साथ घरैलू हिंसा नशे की हालत में हो रहे अश्वनी अश्वोभनीय घटना के बढ रहे मामलो मे अंकुश लगाने की दृष्टिकोण से पुलिस अधीक्षक वाय.पी. सिंह के निर्देशन में सार्वजनिक स्थानों, चौक चौराहों, होटलों व ढाबों पर शराब पीने,पिलाने वालों एवं अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालों के विरुद्ध जिला पुलिस के द्वारा विशेष अभियान चलाया गया है। दो दिनों के भीतर जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ चौकी पुलिस के सभी थानों के द्वारा टीम बनाकर अवैध शराब बनाने एवं बेचने वालों के संदिग्ध ठिकानों पर रेड कार्यवाई किया गया1 गठित टीम के द्वारा थाना क्षेत्र में गस्त करके गांव,शहर के सार्वजनिक स्थानों, चौक चौराहो, होटल , ढाबा में शराब पीने व पिलाने वालों पर भी कार्यवाही किया गया। अभियान के तहत पुलिस के द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने/पिलाने वालों तथा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालों पर रेड कार्यवाही में कुल 30 प्रकरण में 20 लोगों की गिरफ्तारी कर उनसे 40 लीटर से अधिक अवैध देशी,विदेशी एवं महुआ शराब जप्त किया गया है। इस अभियान के दौरान 50 से अधिक ठिकानों पर पुलिस के द्वारा छापा मारा गया।

### दिए गए सख्त निर्देश

पुलिस कप्तान यशपाल सिंह ने हरिभूमि को बताया कि जिले में अवैध रूप से शराब बेचने व सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने एवं पिलाने वालों पर पुलिस की कार्यवाही जारी रहेगी जिसके लिए सभी थानों को सख्त निर्देश दिए गए हैं।

### इन थानों में बना मामला

अवैध शराब के खिलाफ अंबागढ़ चौकी, मोहला, पाटन, खडगांव, औंधी, गोटाटोला, मानपुर आदि थानों मे प्रकरण दर्ज हुआ है।

# आंगन के पास बेच रहा था महाराष्ट्र निर्मित शराब, शराब सहित पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




घर-आंगन के पास अवैध रूप से शराब बिक्री करने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर आरोपी के कब्जे से महाराष्ट्र निर्मित संत्रा देशी शराब बरामद कर आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार 24 मई की संध्या पेट्रोलिंग करते समय पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि थाना गैंदाटोला क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हैदलकोड़ो में एक व्यक्ति अपने घर-आंगन के पास अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा है।

### आरोपी गिरफ्तार

सूचना पर मुखबीर के बताए व्यक्ति के घर के आंगन में घेराबंदी कर संदेही व्यक्ति को पकड़ा गया। जिसके कब्जे से एक पीले रंग के प्लास्टिक सीमेंट बोरी में अवैध रूप से शराब बिक्री करते हुए मिला। संदेही व्यक्ति का नाम-पता पूछने पर अपना नाम गंगेश जोशी 48 वर्ष निवासी हैदलकोड़ो बताया। मौके पर सीमेंट की प्लास्टिक बोरी को चेक करने पर 39 नग देशी दारू प्रीमियम डीलक्स सुपर संतरा प्रत्येक पौवा 180 एमएल शराब सील बंद भरी हुई मिली। कुल कीमती 2730 रुपए एवं आरोपी के कब्जे से एक नग मोबाइल फोन मिला, जिसे मौके पर शराब बेचने संबंधी नोटिस देकर विधिवत कार्रवाई करते आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर 25 मई को माननीय न्यायालय में पेश किया गया।

# गुरू अर्जनदेव की शहीदी पर्व पर समाज ने किया शरबत वितरण का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सिख समाज के पांचवे गुरू अर्जनदेव जी की याद में 40 दिनों का शहीदी पर्व मनाया जा रहा है। इस दौरान गुरूद्वारा साहिब में सुखमनी साहेब का पाठ किया गया। वहीं जनकल्याण को लेकर अरदास करने के साथ ही सेवा कार्य करते हुए आज शहर के महावीर चौक पर शरबत वितरण किया गया। शरबत वितरण को लेकर सिख समाज की सतपाल कौर भाटिया ने बताया कि सिख समाज के पांचवे गुरू अर्जनदेव जी की याद में सिख समुदाय 40 दिनों का सुखमनी साहिब पाठ आयोजित करता है। यह पाठ गुरू अर्जनदेव जी के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में किया जाता है। इस आयोजन में महिलाएं सुखमनी साहिब का पाठ करती हैं। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर गुरू को भोग लगाकर कड़ा प्रसाद, चना और मीठे शर्बत का वितरण किया गया।

### 30 मई को शहीदी दिवस

गुरू अर्जनदेव जी को मुगल बादशाह



जहांगीर ने 30 मई 1606 को शहीद कर दिया था। इससे पहले उनको कई यातनाएं दी गई, उन्हें गर्म तवे पर बिठाया गया और ऊपर से गर्म रेत डाली गई, इसलिए समाज द्वारा उनकी याद में ठंडी शरबत वितरण किया जाता है। गुरू अर्जनदेव की याद में 30 मई को शहीदी दिवस मनाया जाएगा।

**सेवा से दिया संदेश :** सिख समाज द्वारा आयोजित शरबत वितरण में सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर प्रसादी स्वरूप शरबत ग्रहण किया। इस दौरान सिख समाज के लोगों ने अपनी सेवा भावना दिखाते शरबत वितरण के गिलास खुद धोए और लोगों को ठंडी शरबत पिलाई। वहीं स्वच्छता का संदेश देते शरबत वितरण पश्चात स्थल की सफाई भी की।

## राष्ट्रीय स्वाभिमान मंच के आयोजन में उमड़ी भीड़

# भारतीय सेना के सम्मान में निकली सिंदूर शौर्ययात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राष्ट्रीय स्वाभिमान मंच द्वारा पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को आपरेशन सिंदूर चलाकर नष्ट करने और महिलाओं का सुहाग उजाड़ने वालों को सिंदूर की ताकत बताने वाले भारतीय सेना के सम्मान में महिलाओं ने सिंदूर रैली का आयोजन किया। इस दौरान शहर के महावीर चौक पर एक सभा आयोजित करते महिलाओं ने ऑपरेशन सिंदूर में जवानों के साहस और उनकी शौर्य गाथा को लोगों के सामने रखा। महिलाओं ने आतंक के खिलाफ मोदी सरकार के कड़े कदम की सराहना की और इस ऑपरेशन को अंजाम देने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी और वोमिका सिंह को सेल्यूट किया।

आतंकी ठिकानों को नष्ट करने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सैन्य बलों का उत्साहवर्धन, स्वागत वंदन एवं आभार व्यक्त करने सहित समाज में देशभक्ति का भाव बढ़ाने मातृशक्ति द्वारा सिंदूर शौर्य शोभायात्रा का आयोजन शहर में किया गया। शोभायात्रा सभा स्थल से निकलकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुई गुजरी। शोभायात्रा के दौरान नारी शक्तियों ने भारत माता की जय और भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगाए।

### पूर्व सैनिकों ने साझा किया अनुभव

सभा के आयोजन में भारतीय सेना से रिटायर्ड हुए सूबेदार मेजर राजेश शर्मा सहित अन्य पूर्व सैनिक भी शामिल हुए। इसमें कारगिल युद्ध में शामिल सैनिकों ने अपने अनुभव साझा किए। भूर्तपूर्व सैनिकों ने ऑपरेशन सिंदूर में जवानों की कार्रवाई की सरहाना की। इस दौरान महिला संगठन ने भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान किया।



### महिलाओं ने किया संबोधित

सिंदूर शौर्य शोभायात्रा के दौरान आयोजित सभा में जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, आरपीएफ इंस्पेक्टर तरुण साहू, किरण साहू, करुणा यादव, मधु बैद सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं शामिल हुई। इस दौरान सभा को महिलाओं ने संबोधित किया।

### शामिल हुई महिलाएं

सभा में सैकड़ों महिला कार्यकर्ता सहित महिला समाजसेवी और जनप्रतिनिधि शामिल हुई। वहीं इस अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु साव, समाजसेवी राजू डागा, योगेश बागड़ी, अमलेन्दु हाजरा सहित अन्य उपस्थित रहे।

### बताई सिंदूर की ताकत

स्वाभिमान मंच के संयोजिका संगीता शुक्ला और गीता साहू ने कहा कि सिंदूर महिलाओं का सम्मान और गौरव है। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सिंदूर सुरक्षित रहे, इसलिए सेना ने आतंकवादियों के खिलाफ यह कार्रवाई कर सिंदूर की ताकत बता दिया। आज भारतीय सेना के उस शौर्य को सलाम करने के लिए यह सिंदूर शौर्यशोभा यात्रा निकाली गई है।

### शहीदों को दी श्रद्धांजलि

ऑपरेशन सिंदूर शौर्ययात्रा के दौरान बड़ी संख्या में शामिल हुई महिलाओं ने हाथ में भारत की आन-बान-शान का प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज लेकर भारतमाता की जयघोष, भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगाते शहर के गौरवस्थल पहुंचे, यहां पर उन्होंने वीर शहीदों के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

## खबर संक्षेप

### मंदिर का स्थापना दिवस आज



**डोंगरगढ़।** महावीर पारा स्थित शनिदेव मंदिर में शनि शिंगणापुर का स्थापना दिवस कल 26 मई को मनाया जाएगा। मंदिर के पंडित आनंद जगदीश शर्मा ने बताया कि भक्तो के कल्याण के लिए 26 मई को सुबह से शनि रुद्र अभिषेक किया जाएगा। सोमवार को सोमवती अमावस्या वट सावित्री दर्श भावुका अमावस्या शनैशचर जयंती के रुप में महाराष्ट्र में मनाया जाता है।

### दुष्यंत ने जीता गोल्ड मेडल

**डोंगरगढ़।** आन द राइस मार्शल आर्ट संस्था डोंगरगढ़ के दुष्यंत पंद्रे ने कूडो नेशनल चैंपियनशिप कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता पुणे में आयोजित थी। स्पर्धा में सभी स्टेट के कूडो मार्शल आर्टस खिलाड़ी शामिल हुए। कूडो इंटरनेशनल फेडरेशन इंडिया द्वारा आयोजित चैंपियनशिप में 27 राज्यों के 750 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।



छत्तीसगढ़ के 23 खिलाड़ी शामिल हुए। उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी का ध्यान खींचा और स्वर्ण पदक जीत कर राज्य का नाम रोशन किया। वहीं दिल्ली में आयोजित ताइक्वांडो मार्शल आर्ट में संस्था के शौर्य मिश्रा पिता महेश मिश्रा ने रजत पदक हासिल किया। यह खेल स्टेअर्स नेशनल युवा मंत्रालय और खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित की गई थी। इस चैंपियनशिप में राज्य के 35 खिलाड़ी शामिल हुए। संस्था के कोच मुकेश साहू ने दुष्यंत और शौर्य मिश्रा की इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

### सरकारी भूमि पर कब्जा करने का आरोप

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत पीपरखारकला की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पर सरकारी घास भूमि पर बेजा कब्जा कर बाउंड्रीवॉल का निर्माण करने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने शिकायत किया है। ग्रामीणों ने बताया उन्होंने अवैध रूप से घर भी बना लिया है जबकि पंचायत द्वारा इस स्थान का चयन पानी टंकी के लिए किया था। ग्राम के सरपंच बसंतकुमार, उप सरपंच विश्राम, पंच सुभेलाल, विष्णुराम, लखन, देवकरण, हरिचंद, रामकिशोर, उपकारसिंह, कमलेश वर्मा सहित ग्रामवासियों ने अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार से शिकायत कर अवैध कब्जा हटाने की मांग की है। अनुविभागीय अधिकारी मनोज मरकाम ने बताया कि तहसीलदार को भेज कर जांच कराई जाएगी। बेजा कब्जा होने पर हटाने कार्रवाई की जाएगी।

### छात्रवृत्ति परीक्षा में तृप्ति सफल



**डोंगरगढ़।** राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में मिडिल स्कूल नागतराई की छात्रा तृप्ति लाउत्रे का सफलता हासिल किया है। चयनित छात्रा को कक्षा 9 से 12 वी तक प्रतिवर्ष 12 हजार मिलेंगे। छात्रा ने विज्ञान शिक्षक आशीष विश्वकर्मा के मार्गदशन में सफलता प्राप्त किया है। छात्रा को प्रधानपाठिका हंसा पांडेय, शिक्षक मनहरण वर्मा, अनुराधा साहू एवं संकुल समन्वयक राजेश शर्मा ने बधाई दी है।

### एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर 30 तक

**डोंगरगढ़।** नगर पंचायत लालबहादुर नगर में एक्यूप्रेशर शिविर का आयोजन किया गया है जो आगामी 30 मई तक चलेगा। शिविर में एक्युप्रेशर रिसर्च ट्रेनिंग और ट्रीटमेंट जोधपुर के विशेषज्ञ पुराना सिरदर्द, साईटिका, आंख, कान, नाक, गले, पेट, शुगर, गैस, कमर, जोडो आदि बीमारियों का इलाज एक्युप्रेशर वाईब्रेशन, सुजोक, चिकित्सा के माध्यम से करेंगे।

### तीन दिवसीय उर्स का आयोजन

**डोंगरगढ़।** अराकीन आस्ताना कमेटी रज़ानगर के तत्वावधान में हजरत बाबा अब्दुल गफ्फार षाह रहमतुल्लाह अलैह हजरत बाबा टेकरी वाले मजार में 3 दिवसीय रोज़ा उर्स का आयोजन किया गया। सामाजिकजनों ने चादर पोसी के पूर्व मटका पार्टी के साथ शाही संदल भ्रमण के लिए निकाला। संदल का शहर में विभिन्न जगह स्वागत हुआ।



### मदिराप्रेमी शिक्षकों पर कार्रवाई नहीं

**डोंगरगढ़।** ग्राम तोतलभर्री की प्राथमिक शाला में दो शिक्षकों पर ग्रामीणों ने शराब सेवन कर स्कूल आने, ड्यूटी समय में शराब सेवन करने, बच्चों को अध्यापन नहीं कराने का आरोप लगाते हुए बीईओ से शिकायत किया था। बीईओ ने संकुल प्रभारी ढारा से जांच कराया था जिसमें शिकायत सही पाया गया था। जांच के बाद भी शिक्षकों पर कार्रवाई नहीं हुई है। कार्यालय द्वारा इन शिक्षकों का वेतन भी नियमित निकाला जा रहा है। इन शिक्षकों ने कक्षा 1 ली से 4 तक के बच्चो की अंकसूची नहीं बनाया है।

### धान की सुरक्षा करने में सरकार नाकाम

**डोंगरगढ़।** विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने सरकार पर किसानों का धान खरीदने के बाद उसका रखरखाव करने में नाकाम रहने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि किसानो की मेहनत से तैयार फसल पानी में बरबाद हो गई है जिसका मुख्य कारण समय पर धान का उठाव नहीं होना है। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर के नाम पर केवल वाहवाही लुटने का प्रयास किया जा रहा है जबकि जमीनी हकीकत कुछ और है।



### छोटे बच्चों ने किया पौधरोपण

**डोंगरगांव।** नगर के चिल्ड्रन गार्डन प्ले स्कूल में रविवार को मस्ती की पाठशाला का आयोजन किया गया। पाठशाला में शामिल बच्चों ने खुद को प्रकृति से जोड़ते हुए पौधरोपण किया। संस्था के प्रमुख अनिल रूपलानी ने बताया कि गर्मियों की छुट्टियों के दौरान बच्चों में रचनात्मकता विकसित करने और उन्हे खेल खेल में संस्कृति और संस्कार से जोड़ने के लिए यह आयोजन किया जा रहा है। मस्ती की पाठशाला में शामिल सभी बच्चों को आयोजन समिति की सदस्य अंकिता गुप्ता ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।



### बस्तर क्षेत्र के झीरम घाटी में हुए नक्सली हमले में शहीदों की 12वीं बरसी

# झीरम घाटी हमले की बरसी पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

25 मई वर्ष 2013 को बस्तर क्षेत्र के झीरम घाटी में हुए नक्सली हमले में शहीदों की 12वीं बरसी के मौके पर राजनांदगांव शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस नेताओं और हमले में शहीद अन्य पुलिस जवानों की शहादत को नमन करते उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

झीरम घाटी में हुए इस नक्सली हमले में राजनांदगांव के पूर्व विधायक उदय मुदलियार और कांग्रेस नेता अलानूर भिंडसरा की भी शहादत हुई थी। इनकी शहादत को नमन करने के लिए कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने शहर के पोस्ट ऑफिस चौक स्थित शहीद उदय मुदलियार और अलानूर भिंडसरा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते उन्हें नमन किया और झीरम घाटी के शहीद अमर रहे के नारे लगाए।



#### आला नेताओं को खोया, पूर्व विधायक भी रहे शामिल

दरभा क्षेत्र के झीरम घाटी हमले में कांग्रेसियों ने अपने आला नेताओं को खोया था। उनकी शहादत को याद करते हुए कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे ने कहा कि यह इस हमले में कांग्रेस नेताओं का नरसंहार किया गया। हमले में हमने अपने तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष नंदकुमार पटेल सहित राजनांदगांव के पूर्व विधायक वरिष्ठ नेता उदय मुदलियार को खोया है। कांग्रेस परिवार हमले में सभी शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करती है।

#### नमन करने कांग्रेसी शामिल

शहर के पोस्ट ऑफिस चौक पर आयोजित कांग्रेस के शहीद स्मारक में पूर्व विधायक उदय मुदलियार और अलानूर भिंडसरा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करने कांग्रेस नेता पदम कोठारी, आसिफ अली, अमित चंद्रवंशी, राजा यादव, अभिमन्यु मिश्र सहित अन्य कांग्रेसी पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए और अपने वरिष्ठ नेताओं के बताए मार्ग पर चलने के लिए सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

## महासभा में सम्मानित हुए जनपद अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

छत्तीसगढ़ डडसेना सिन्हा कलार समाज ने खंड महासभा एवं जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह का आयोजन अभनपुर में किया। मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल थे। अध्यक्षता प्रांताध्यक्ष युवराज सिन्हा ने की। इस मौके पर अतिथियों ने जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा, डोंगरगढ़ जनपद अध्यक्ष लता सिन्हा, राजनांदगांव नगर पालिक निगम के पार्षद रवि सिन्हा का सम्मान किया। श्री जायसवाल नेजनप्रतिनिधियों को जनसेवा करने कहा।

### कथा वाचन का समय बदला

**डोंगरगांव।** राष्ट्रीय कथावाचक आचार्य युवराज पाण्डेय द्वारा कोकपुर में श्री शिव महापुराण कथा का वाचन किया जा रहा है जिसका श्रवण करने जन सैलाब उमड़ रहा है। स्व ललित श्रीवास्तव की स्मृति में दीपा श्रीवास्तव ने यह आयोजन किया है। आयोजन के पहले दिन से आसपास गांवों के लोग कथा का श्रवण करने पहुंच रहे हैं। मुख्य यजमान जय लक्ष्मी लक्की श्रीवास्तव ने बताया कि मौसम में बदलाव और भक्तों की बढ़ती संख्या को देखते हुए कथा वाचन के समय में फेरबदल कर दोपहर एक बजे से शाम चार बजे तक कर दिया गया है।



## जानकारी के बिना 20 लाख के डस्टबिन की खरीदी




**डोंगरगढ़।** नगर पालिका ने मार्च में लगभग 20 लाख के डस्टबिन खरीदी किया गया है। छग ट्रेडर्स राजनांदगांव से डस्टबिन खरीदने की पुष्टि इंजीनियर भुवन लाल ने करते हुए बताया कि डस्टबिन को धर्मशाला में रखा गया है। खरीदे गए डस्टबीन की जानकारी जनप्रतिनिधि को न जानकारी है और न किसी ने देखा है। चर्चा है कि राजनांदगांव के सप्लायर के नाम से शहर के किसी व्यक्ति ने सप्लाई किया है। खरीदी के 3 माह बाद भी उसका वितरण नहीं किया गया है जिसे लेकर नगर पालिका की कार्य प्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। सीएमओ सीके शर्मा ने बताया कि डस्टबीन खरीदी की जानकारी आई है तो मामले की जानकारी पता लगा ले। सांसद प्रतिनिधि तरूण हत्थेल ने बताया कि इंजीनियर और सीएमओ से सोमवार को चर्चा कर जानकारी दी जाएगी।

# समर कैम्प में निखरी बच्चों की कला और प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

- 10 दिवसीय कैम्प का समापन
- प्रदर्शनी को सभी ने सराहा

पीएमश्री स्व लाल मूरत सिंह खुसरो शासकीय अंग्रेजी- हिंदी माध्यम विद्यालय गंडई में 25 मई को 10 दिवसीय समर कैंप का समापन हुआ। समापन समारोह में नगर के गणमान्य व्यक्ति, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, शिक्षक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष और दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। विद्यालय के छात्रों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कक्षा सातवीं के छात्र ऋषभ कुंजाम ने स्वरचित कविता बच्चों की व्यथा का पाठ किया। बच्चों ने जुंबा डांस और योग का शानदार प्रदर्शन किया। वहीं छात्रा आराध्या चौबे ने नृत्य से सबका मन मोह लिया। हाईस्कूल के बच्चों ने नाटक से वाहवाही बटोरी।



#### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सम्मानित

विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने वाले और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को अतिथियों ने प्रमाण पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले बच्चों में प्राइमरी स्कूल के ऐस ताम्रकार, हर्षिता राज ताम्रकार, हीरा पटेल, वैदेही ताम्रकार, अर्पितराज ताम्रकार; मिडिल स्कूल के अनुज यादव, नंदनी पटेल, शिफा मिर्जा, अखिल कुरैशी और हायर सेकेंडरी की अरसीन खान, साहिबा खान, उमेश साहू तथा मेघराज साहू शामिल थे। सभी विधाओं में भाग लेने वाले 103 विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र दिया गया।

#### बच्चों ने सीखा हुनर

10 दिवसीय समर कैंप के दौरान बच्चों को योग, जुंबा, ओरिगेमी कला, कंप्यूटर प्रशिक्षण, फेस मास्क बनाना, थ्रेडिंग, पपेट बनाना, क्ले आर्ट, लीफ एंड पेटल आर्ट, प्राणायाम, पोस्टर मेकिंग, स्टोन आर्ट, बांस शिल्प, बेस्ट सेल्फी प्वाइंट बनाना, वैक्स फ्लावर आर्ट, आर्टिफिशियल ट्री, क्राफ्ट पेपर आर्ट, इलेक्ट्रिक वायरिंग और इलेक्ट्रिक बोर्ड बनाना सीखा। बच्चों को गतिविधियों से अवगत कराने बाहर से विशेषज्ञ बुलाए गए थे। विद्यालय की कल्पना साहू ने बच्चों को ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण दिया।

#### प्रदर्शनी में दिखी प्रतिभा

समापन दिवस पर क्राफ्ट आर्ट, बांस कला, मिट्टी कला, छत्तीसगढ़ी आभूषण और बच्चों के हाथों से तैयार अन्य सामग्रियों की प्रदर्शनी लगाई गई। नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टाकेश्वर शाह खुसरो ने बच्चों के प्रयास की खूब सराहना की। प्राचार्य पवन कुमार ददरया ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया और विद्यार्थियों का अच्छे प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रोत्साहित किया। संचालन मनीष दास और स्मिता दास ने किया। इस अवसर पर व्हीएन नागेंद्र, जेएल देवांगन, डीके शर्मा, महेश ठाकुर, व्हीएन रत्नाकर, आरआर शर्मा, ओम प्रकाश निषाद, योगेश्वरी, स्मिता दास, जसबीर सिंह, देवेंद्र वासनिक, रामकुमार केंवट, मनीज दास, स्नेह एक्का, नंदनी जांगड़े, भुनेश्वरी साव, सुरभि उइके, किरण वर्मा, किरण ठाकुर, मुकेश यादव, दुर्गेश सेन, प्रिंकेश कश्यप, निधि चौहान, शुभमसिंह, हेमंतकुमार, ममता सोनी, दिव्या श्रीवास्तव, महिमा गढ़वाल उपस्थित थे। आयोजन में हेमराज और कल्पना ने सहयोग दिया।

## मन की बात का किया श्रवण



**छुरिया।** जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनप्रिय मन की बात कार्यक्रम के 122वें एपिसोड का ग्राम बिटाल में श्रवण किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल गैंदाटोला अध्यक्ष खिलेश्वर साहु, जनपद सभापति भेष बाई साहू भी मौजूद थी। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जिन विचारों को साझा किया वह प्रेरणादायक थे। इस अवसर पर खिलेश्वर साहू, भेषबाई साहू, कुमार साय, मंजू गेंदलाल साहू, गेंदलाल साहू, सीता वैष्णव, दीना कुलदीप, बरातु चन्द्रवंशी, महेश यदु, भागवत ठाकुर, लिखन साहू, योग राज साहू, गणेश ठाकुर, सेवती साहू, सीता वैष्णव, झगरीबाई साहू, परमानंद ठाकुर, द्रोणाचार्य साहु, राजू ठावरे आदि मौजूद थे।

# आईक्यूएसी के महत्व से कराया अवगत

- कॉलेज में कार्यशाला का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नेहरू महाविद्यालय में कला, वाणिज्य एवं कंप्यूटर विभाग तथा आईसीसी के तत्वावधान में आयोजित 6 दिवसीय फैकेल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम में शासकीय महाविद्यालय छुईखदान की प्रभारी प्राचार्य डॉ. जयती विश्वास शामिल हुई।

वाणिज्य विभाग के सहायक प्राध्यापक बेदप्रकाश साहू द्वारा मुख्यवक्ता का स्वागत कर अकादमिक परिचय दिया। डॉ. जयंती विश्वास ने आईक्यूएसी की विस्तृत जानकारी दी। उन्होने बताया कि महाविद्यालय के समस्त अधिकारी व कर्मचारी प्राचार्य के बीच की एक कड़ी है। प्राचार्य संस्था के मुखिया एवं आईक्यूएसी एक संस्था का हृदय माना जाता है। उन्होने इसके 7 क्राईटेरिया के बारे में जानकारी दिया। उन्होंने बताया कि पाठ्यक्रम से संबंधित पहल करनी चाहिए, टीचिंग एंड रनिंग वैल्यूएशन, शिक्षण अधिगम, नवाचार ,प्रशासनिक सुरक्षा, नैतिक सुरक्षा, बेस्ट प्रैक्टिस,शोध कार्य से संबंधित कार्य करने की प्रक्रिया आईक्यूएसी द्वारा ही किया जाता है। कार्यक्रम में ओपी वर्मा, अविनाश सिंह, डॉ नौशीन अंजुम, तूलिका चक्रवर्ती, अनिमा मिंज, डॉ सपना परिहार, मनीषा भेड़िया, नीलम सिन्हा, अंजलि देवांगन, रोशन साहू, प्रभात बैस, ऋचा अग्रवाल, देवश्री देवांगन, डॉ निर्वेद शर्मा, डॉ गोकुल प्रसाद, रणविजय देवांगन आदि शामिल हुए। संचालन डॉ नीता राजपुत एवं आभार प्रदर्शन नीलम चतुर्वेदानी ने किया।



### ग्रामीणों को बताया गया पानी का महत्व

# ग्रामीणों ने ली पानी बचाने की शपथ



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

ग्राम जीराटोला, अचानकपुर और गहिराटोला के ग्रामीणों ने पानी बचाने की शपथ लिया। शपथ जनपद सदस्य प्रेमलाल साहू, सरपंच अमरलाल मेरावी, सामाजिक कार्यकर्ता मनोज साहू ने दिलाई। इस अवसर पर पानी के महत्व और संरक्षण पर गहन विचार किया गया। ग्रामीणों को जल बचाने तथा वर्षा जल संचयन के लिए प्रेरित किया गया। शपथ ग्रहण समारोह में जल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि पृथ्वी ने सदैव हमारी रक्षा की है और हमारी हर आवश्यकता को पूरा किया है। जल ही जीवन का आधार है, किन्तु दुर्भाग्यवश मनुष्यों ने इस अमूल्य प्राकृतिक संसाधन का अत्यधिक दोहन किया है और इसे भारी मात्रा में व्यर्थ कर संकट खड़ा कर दिया है। नदियों और महासागरों को प्रदूषित करने के साथ हमने भूमिगत जल स्तर को बिगाड़ दिया है। यह रेखांकित किया गया कि पृथ्वी पर उपलब्ध कुल जल का मात्र 1 प्रतिशत ही ताजे पानी के रूप में मौजूद है।

#### पानी बचाने पर जोर

कार्यक्रम में पानी की बर्बादी के कुछ प्रमुख कारणों पर भी चर्चा हुई, जिसमें नल खुला छोड़ देना, मैदानों और उद्यानों में अनावश्यक पानी का छिड़काव, जल का पुनरुपयोग न करना, नदियों और अन्य जल स्रोतों को प्रदूषित करना, अनियोजित जल प्रबंधन, और वनों की कटाई शामिल है। बताया गया कि हमारे शरीर में 70 प्रतिशत पानी होता है, और यदि पृथ्वी पर पर्याप्त पानी नहीं होगा तो हमारा अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि समय रहते इस समस्या को समझना होगा। पानी के बिना जीवन समाप्त हो जाएगा। ग्रामीणों को सोख्ता गड्ढा बनाने और अधिक से अधिक पौधे लगाने प्रेरित किया गया। इस अवसर पर पंच, महिला, पुरुष, युवा, युवतियां आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## महिलाओं ने की मंदिरों की सफाई




हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

देवी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती के मौके पर नगर पंचायत गंडई ने सफाई अभियान शुरू किया है। अभियान में स्व-सहायता समूह की महिलाओं के साथ गृहिणियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। सफाई अभियान नगर के दो प्रमुख धार्मिक स्थलों पर केंद्रित रहा। वार्ड 14 स्थित प्रसिद्ध देऊर मंदिर और वार्ड 7 स्थित मां गंगई मंदिर के आसपास के क्षेत्रों में सफाई किया गया। महिलाओं ने मंदिर परिसर और आसपास की गलियों में सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। नगर पंचायत गंडई के सीएमओ अविनाश देवांगन ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य स्वछता के लिए महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना था। महिलाओं ने दो मंदिरों में सफाई अभियान चलाया।

## बीएमओ ने संबंधितों को नोटिस जारी कर मांगा जवाब

# पोस्टमार्टम के लिए मांगा पैसा शहरवासियों में जमकर नाराजगी

### इस घटना से अस्पताल की छवि हुई दागदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

मौत के दौरान शराब सेवन नही करने की बात कागजो में नही लिखने दस हजार मांगने वाले सहायक का आडियो वायरल होने के बाद से अस्पताल मे हड़कंप मच गया है। आम लोग इस घटना को गिरती हुई मानवता, संवेदनहीनता जैसे नए नए शब्द से परिभाषित कर भड़ास निकाल रहे है वही मामले में जिम्मेदार सहायक के साथ साथ डॉक्टर की भूमिका को लेकर भी लोग सवाल उठाने लगे है हालांकि मामले में प्रारंभिक कारवाई करते हुए बीएमओ डॉ विवेक बिसेन ने इस घटना को अस्पताल की छवि दागदार करने का कुत्सित प्रयास बताते हुए संबंधित को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

लोगों का कहना है कि यह पहली बार नही हुआ है इसके पहले भी उक्त सहायक का कई बार विवादों में नाम सामने आया है, लेकिन वरिष्ठ चिकित्सक का खास होने के कारण कोई कारवाई नही हुई। आडियो में सहायक गोलू उर्फ संतोष सिंहा स्पष्ट रूप से कह रहा है कि सर से बात हो गई है। जॉच टीम आएगी, कोर्ट में बयान देना जाना पड़ता है। सर को बहुत परेशानी होती है। तुम आठ साढ़े आठ हजार दे दो मै सर को समझा दूंगा। पीएम रिपोर्ट मे अल्कोहल सेवन की बात को दबाने जिस हिसाब से डॉक्टर का सहायक खुलेआम रूपयों की डिमांड कर रहा है उससे स्पष्ट पता चलता है कि मामले में प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से शामिल सभी लोग मानवता को शर्मसार करने में तुले हुए है।




**सीएम तक पहुंची शिकायत**

इलाज के दौरान महंगी दवाई, कमीशन के फेर में बिना जरूरत नए नए जॉच और ओपीडी से ज्यादा समय घर के क्लीनिक मे बीताने की बात तो अब सामान्य हो गई है, लेकिन पीएम रिपोर्ट मे फेरबदल नही करने से नुकसान होने की बात कहते हुए पैसो की खुलेआम डिमांड करते हुए कहना कि अगर सर ने रिपोर्ट में अल्कोहल सेवन का उल्लेख कर दिया तो ना बीमा मिलेगा, ना कोई क्लेम तो इस स्थिति मे दूध भी गिरेगा और दुहनी भी टूट जाएगी। हालांकि उसने बातचीत के दौरान डॉक्टर का नाम नही लिया, लेकिन हर बार यही कहा कि सर से बात हो गई है, यदि पूरे पैसों का जुगाड़ नही हुआ कमीबेशी हुई तो मै गरीब आदमी है करके साहब को मना लूंगा। पैसा लेकर जल्द आओ क्योकि पुलिस ने फोन कर शार्ट पीएम रिपोर्ट मांगा है। यह पहली घटना है जिसे लेकर शहरवासी भी खासे नाराज है। पता चला है कि कुछ ने हरिभूमि के इस खुलासे के बाद पेपर कटिंग सीएम विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा सहित स्वास्थ और प्रभारी मंत्री को उनके पर्सनल नंबर पर वाट्सअप कर कारवाई की मांग की है। वही पता चला है कि प्रभारी मंत्री ने भी इस मामले की जॉच के लिए जिला प्रशासन को निर्देश जारी कर दिया है।

# पीएम सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस 600 से अधिक गर्भवती महिलाओं की जांच

- जांच में 186 महिलाओं को हाई रिस्क गर्भावस्था की श्रेणी में चिन्हित किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत आयोजित विशेष स्वास्थ्य शिविरों में 600 से अधिक गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई। इनमें से 186 महिलाओं को हाई-रिस्क गर्भावस्था की श्रेणी में चिन्हित किया गया है, जिनकी विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सतत निगरानी की जाएगी। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के निर्देश, कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन और सीएचएमओ डॉ आशीष शर्मा के नेतृत्व में जिले के 14 चिन्हित सिविल अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में यह शिविर आयोजित हुए।



**आवश्यक परीक्षण कराया गया उपलब्ध**

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के चौथे से नौवें माह के दौरान कम से कम एक बार विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में जांच व परामर्श देने प्रारंभ किया गया है ताकि इससे जटिलताओं की समय रहते पहचान कर उपचार संभव हो सके। सुरक्षित प्रसव और मातृ मृत्यु दर में कमी लाने की दिशा में भी यह महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अभियान के दौरान महिलाओं को हीमोग्लोबिन, रक्तचाप, रक्त व मूत्र की जांच सहित अन्य आवश्यक परीक्षण उपलब्ध कराया गया। शिविरों में ज्यादा से ज्यादा महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने ग्राम स्तर पर मितानिनों और ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए गर्भवती महिलाओं की पहचान कर उन्हें स्वास्थ्य संस्थानों तक पहुंचाने में सहायता की। शिविर में आने वाली 36 महिलाओं की सोनोग्राफी निजी केंद्रों के सहयोग से निशुल्क कराई गई। इस दौरान पर राज्य स्तर से डॉ फैजल रजा, डॉ नरेंद्र सिंहा, सीएचएमओ डॉ. आशीष शर्मा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सोनल ध्रुव, प्रभारी जिला प्रशिक्षण प्रबंधक खिलेश साहू, बीएमओ डॉ विवेक बिसेन, डॉ मनीष बघेल सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारियों की उपस्थिति में अभियान की साइट मॉनीटरिंग की गई।

## शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**छुईखदान।** आज से 12 बरस पहले प्रदेश के कांग्रेस के नेताओं की झीरम घाटी में नक्सलियों ने हत्या कर दिया था। नेताओं की 12वीं पुण्यतिथि के मौके पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुईखदान के नेतृत्व में विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा की उपस्थिति में कांग्रेसियों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दौरान विधायक यशोदा वर्मा, नीलांबर वर्मा, मोतीलाल जंघेल, छोटे राजा देवराज किशोर दास, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रामकुमार पटेल, सज्जाक खान, कमलेश यादव, दीपक वैष्णव, नरेंद्र सेन, प्रकाश महोबिया, मनीष कोचर, नीरज महोबिया सहित अन्य उपस्थित थे।

# पीएमश्री स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

### जिले की टॉप 10 सूची में 6 ने बनाई जगह



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

पीएमश्री लाल मूरत सिंह खुसरो शासकीय अंग्रेजी- हिंदी माध्यम विद्यालय गंडई में 25 मई को छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा पांचवीं, आठवीं, दसवीं और बारहवीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र और शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि जिले की टॉप 10 सूची में 6 छात्र जगह बनाने में कामयाब हुए थे। इस अवसर पर नगर पंचायत गंडई के अध्यक्ष लाल टाकेश्वर शाह खुसरो, श्याम ताम्रकार, एसएमडीसी अध्यक्ष संजय राजपूत, सदस्य रोहन ताम्रकार, रवि जायसवाल, सोनिया दुबे, पार्षद राकेश निषाद, विश्वराज ताम्रकार और प्राचार्य पवन कुमार ददरिया सहित शिक्षक उपस्थित थे। समारोह में कक्षा 5 वीं की जानवी साहू और अन्नय यादव को 98.50 अंक के साथ प्रथम स्थान हासिल करने पर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार नितिन वर्मा ने 97 ने द्वितीय, लैमा यादव 93.50 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा आठवीं में श्रेय सोनी ने 92.67 प्रथम, दिशा साहू 87.50 द्वितीय, अनंत शर्मा 86.50 तृतीय, कक्षा दसवीं में जास्मीन बानो 95.50 प्रथम, तुबा तंजील खान 95 द्वितीय, गौरी सोनी 94.66 तृतीय, बारहवीं में भूमिका देवांगन 89.20 प्रथम, सिमरन रात्रे 87.20 द्वितीय और आलिया आफरीन ने 86.20 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिले की टॉप 10 सूची में कक्षा 10वीं की जासमीन बानो, तुबा तंजील खान, गौरी सोनी, जय जंघेल और सोमेश मोटवानी वहीं कक्षा 12वीं की भूमिका देवांगन ने जगह बनाया था।

कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। अतिथियों के स्वागत बाद विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र और शील्ड प्रदान किया गया। अंत में प्राचार्य पवन कुमार ददरिया ने आभार व्यक्त किया। संचालन मनीष दास और स्मिता दास ने किया।

# राजमाता अहिल्या बाई होल्कर की जयंती पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लाक के बाजार अतरिया भारतीय जनता पार्टी मंडल द्वारा राजमाता अहिल्या बाई होल्कर की जयंती पर समरसता भवन में विशेष कार्यशाला आयोजित किया गया जहॉ सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को सुना।

मुख्य वक्ता जिला मंत्री शशांक ताम्रकार ने अहिल्या बाई होल्कर के जीवन, उनके आदर्श शासन, समाजसेवा और महिला सशक्तिकरण की दिशा में उनके ऐतिहासिक योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राजमाता का जीवन आज भी भारतीयों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।



महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नीलिमा गोस्वामी, जिपं सदस्य जमुना नरेश कुरे, पिव मोर्चा जिलाध्यक्ष हरप्रसाद वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष केशव चंदेल सहित सभी अतिथियों ने राजमाता के व्यक्तित्व और कृतित्व की सराहना करते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करने की प्रेरणा दी। कार्यशाला बाद सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सामूहिक रूप से सुना गया, जिसमें राष्ट्र निर्माण, समाजसेवा और सांस्कृतिक चेतना को लेकर दिए गए संदेशों पर चर्चा हुई। इस दौरान पूर्व जनपद सदस्य गणेश वर्मा, जितेंद्र वर्मा, मुकेश वर्मा, हेमंत देशमुख, जयप्रकाश साहू, राजेन्द्र वर्मा, पमेंद्र वर्मा, केवल दास, विष्णु साहू, अनुपलाल वर्मा, दीना वर्मा, गजेश वर्मा, लाला वर्मा, गजेन्द्र वर्मा, नितेश उपाध्याय, धुर्वा वर्मा, पोलेश्वरी नरेश कुर्रे, जीवन साहू, उत्तम कुमार वर्मा, लालू यादव, जागेंद मानिकपुरी सहित अन्य उपस्थित कार्यकर्ताओ व पदाधिकारियो ने राजमाता को नमन करते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में मंडल अध्यक्ष देवकुमार सेन ने आभार व्यक्त किया और कहा कि भाजपा मंडल सदैव भारतीय संस्कृति, समाज एवं सेवा कार्यों को प्राथमिकता देता रहेगा।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान पर कार्यशाला

- कलेक्टोरेट में एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला

**खैरागढ़।** किसानों को उन्नत तकनीक, सरकारी योजनाओं और बीमा लाभों की जानकारी देकर उनकी आय में वृद्धि और कृषि उत्पादन में सुधार करने विकसित कृषि संकल्प अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर कलेक्टोरेट में एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम अध्यक्ष कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने मैदानी अमले को अभियान के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए इसे जनहित में अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य कर अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाने और किसानों को अधिकतम लाभ देने का निर्देश दिया। कार्यशाला में उपसंचालक कृषि राजकुमार सोलंकी सहित उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्यपालन, सहकारिता विभाग, बीमा कंपनियों तथा कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों को अभियान की रूपरेखा, लक्ष्यों तथा अमल की रणनीतियों से अवगत कराया गया।

# लाखों रुपए खर्च, सारे काम अधूरे, विधायक ने जताई आपत्ति

- कांग्रेस की मिशन संडे टीम ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

पिपरिया जलाशय से बैटल रानी रोड पर आम जनों के लिए बनाए गए वन विभाग के रिसॉर्ट का रविवार को विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने कार्यकर्ताओ के साथ निरीक्षण किया। कांग्रेस की मिशन संडे टीम ने विधायक के साथ निरीक्षण में शामिल होकर बड़े भ्रष्टाचार का दावा किया है।

विधायक एवं टीम ने वन विभाग द्वारा निर्मित पर्यटन केंद्र का निरीक्षण किया। यहां 41 लाख की लागत से पिकनिक स्पॉट बनाया गया है। इसके निर्माण में अनियमितता बरतने का आरोप कांग्रेसजनों ने लगाया है। निरीक्षण के दौरान कोई भी कार्य पूर्ण नहीं होना पाया गया जबकि संबंधित मदों का भुगतान वन विभाग ने कर दिया है। कार्यों की गुणवत्ता भी निम्नस्तर की पाई गई। किचन शेड, मचान, कुर्सियां और बैठने की व्यवस्थाएं बांस और स्तरहीन लकड़ियों से बनाकर खानापूर्ति किया गया है। यहां स्थल समतलीकरण, किचन शेड, बोर खनन, टेंट मचान, सोलर लाइटिंग, बोटिंग व्यवस्था, सौंदर्यीकरण जैसे कार्य शामिल हैं, लेकिन निरीक्षण के दौरान सभी अधूरे मिले। ग्रामीणों ने वन विभाग पर राशि के दुरुपयोग का आरोप लगाया। निरीक्षण के बाद दौरान ग्रामीणों ने बताया कि वन विभाग द्वारा राशि का दुरुपयोग किया गया है तथा कार्य में लापरवाही बरती गई है।

**निर्माण कार्य में अनियमितता बरतने का लगाया आरोप**



**मामला विस में उठेगा**

विधायक वर्मा ने कहा कि सरकार की योजनाएं जनहितकारी हैं पर अधिकारी-कर्मचारी गड़बड़ी कर रहे हैं। 41 लाख खर्च करने के बाद भी काम अधूरे हैं जो यह दर्शाता है कि वन विभाग ने राशि का बंदरबांट किया है। विधायक ने कहा कि इस मामले को विधानसभा में उठाया जाएगा और वन मंत्री से सोशल ऑडिट की मांग की जाएगी। विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने कहा कि जंगल की लकड़ी, बांस, मिट्टी आदि लगाकर लाखों का बिल पास करवा लिया है। निरीक्षण से स्पष्ट है कि 10–12 लाख से अधिक की लागत नहीं आई है जबकि विभाग 41 लाख में से 14 लाख से अधिक का खर्च बता रहा है। निरीक्षण के दौरान मोती जंघेल, छोटे राजा देवराज किशोर दास, सज्जाक खान, कमलेश यादव, दीपक वैष्णव, दीपक देवांगन, अरुण भारद्वाज, नरेन्द्र सेन, पूरन सारथी, रविंद्र सिंह गहेरवार, महेश यादव, सूरज देवांगन, भूपेंद्र वर्मा, सूर्यकांत यादव, राहुल बंजारे, अनिल यादव, राजा लहरे, हरिदर्शन, नरेश सिन्हा, विनोद सिन्हा, कोमल वर्मा, सहित अन्य मौजूद थे।

**विधानसभा अध्यक्ष रमन समाधान शिविर में हुए शामिल**

# गांव की समस्याओं का समयबद्ध तरीके से हो रहा निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह मंगलवार को ग्राम फुलझर में सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुए। विए अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि सुशासन तिहार में आज क्लस्टर में शामिल ग्राम पंचायत फुलझर, बघेरा, जराही, परसबोड़, मुढ़ीपार, मनगटा, जोरातराई म, नवागांव, तुमड़ीलेवा, अचा. भाठापारा, परमालकसा, बैगाटोला के आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है। एक माह पहले जनसामान्य ने अपनी समस्याओं के समाधान के लिए जो आवेदन दिए थे, उसी तारतम्य में निराकरण किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि ग्रामवासियों की समस्याओं के समाधान के लिए आज यहां जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी मौजूद है। मुख्यमंत्री शिविरों में हेलीकाप्टर से जा रहे हैं और आम जनता की समस्याओं का निराकरण कर रहे हैं और हम सभी अपने-अपने क्षेत्र में जनसामान्य के दुख-तकलीफ का समाधान करने आए है। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा आवेदन प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्राप्त हुए हैं। इसके अंतर्गत 158 आवास की स्वीकृति प्राप्त हुई है, जिसे तत्काल पूरा किया जाएगा। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना आवास प्लस सर्वे 2.0 के अंतर्गत 108 ग्रामवासियों ने पंजीयन कराया है। जिनके आवास के लिए बाद में स्वीकृति मिलेगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत 347 शौचालय निर्माण की स्वीकृति, सामाजिक सुरक्षा पेंशन अंतर्गत 25 व्यक्तियों को स्वीकृति मिली है। वहीं राशन कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड भी बनाएं गए हैं। उन्होंने कहा कि जिले में राजस्व के अविवादित मामलों को शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। पेयजल, सिंचाई की समस्या, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास का निर्माण सहित अन्य समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए युक्तियुक्तकरण, बच्चों के सुपोषण के लिए पोट्ठ लईका पहल प्रारंभ की गई है।



**पीएम आवास की स्वीकृति**

जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने कहा कि सुशासन तिहार में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्रों में आवास प्राप्त हो रहे हैं। खाद्यन्न सुरक्षा अधिनियम के तहत राशन कार्ड एवं किसान सम्मान निधि जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं का क्रियान्वयन हो रहा है।

**महिलाओं की बढ़ी भागीदारी**

उन्होंने कहा कि जिला पंचायत में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। जिला पंचायत अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सीईओ महिला हैं तथा महिलाएं विभिन्न पदों पर कार्य कर रही है। आप सभी वहां जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से अपनी बात कह सकते हैं। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार पूरे प्रदेश में चल रहा है और हम सभी सक्रियतापूर्वक ग्रामीण क्षेत्रों में और शहरी क्षेत्रों में जाकर जनसामान्य की समस्याओं को सुन रहे हैं और आवेदनों का निराकरण कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ के माध्यम से होगा।

**समय-सीमा पर आवास का निर्माणः सुरूचि**

जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने बताया कि कलस्टर के ग्राम पंचायतों में कुल 711 प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास स्वीकृत किए गए हैं। जिसमें से कुल 289 आवास पूर्ण कर लिया गया है। जिसमें से 5 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र एवं चाबी वितरण किया जा रहा है। कुल प्राप्त आवेदनों की संख्या 1805, जिसमें से आवास प्लस 2.0 में सर्वे 1508, पूर्व से आवास प्लस सूची में नाम 164 है।

# बैठक में आमसभा पर चर्चा



**छुईखदान।** छुईखदान के भाटापारा में आरक्षित वर्ग के शासकीय सेवकों की बैठक रखी गई जिसमें आगामी 11 जून को रायपुर में 9 सूत्रीय मांग को लेकर आयोजित आमसभा के आयोजन के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में लेखराम मात्रा, कपूरचंद डोंगरे, एमडी वाल्दे, संतराम छेदैहा, राम अवतार नेताम, इंदिरा चंद्रवंशी, संजीव ध्रुवे, संतोष नेताम, संतोष नेताम, रामजी सिदार, हर्षदेव कोड़ापे, राजकुमार मरकाम, सुकचंद मरकाम, श्रीराम पोर्ते, फत्तेसिंह ध्रुवे, संजय धुर्वा, दौवासिंह ठाकुर, कुशाल ध्रुवे, पूरण बंजारे, प्रहलाद खुशरो, प्रकाश खुशरो, जंत्री मंडावी,कविता नागदेव, गिरजा ठाकुर, जयपाल सिंह शोरी, अश्वनीकुमार धुर्वे, लालाराम मरावी, तारन धुर्वे, रामप्रसाद शोरी, प्रकाश मंडावी, भीखू नेताम, शिवचरणसिंह खुशरो, बहादुर सिंह खुशरो आदि उपस्थित थे।

## बारिश के पहले नालियों की सफाई

**डोंगरगांव।** आगामी मानसून को ध्यान में रखते हुए नगर प्रशासन द्वारा बड़ी नालियों एवं मुख्य नालियों की सफाई कराया जा रहा है। जिन नालियों में बारिश का पानी निकासी नहीं होने और रोड में फैलने की आशंका है को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थित ढंग से निकासी के लिए प्लेटफॉर्म हटाकर नालियों की सफाई कराया जा रहा है। नगर पंचायत के सीएमओ विनम जेमा ने बताया किसफाई कार्य में नगर पंचायत के जेसीबी ट्रैक्टर एवं अन्य संसाधनों के साथ कर्मचारी लगे हैं ताकि बारिश का पानी की आसानी से निकासी हो सके।



## सार समाचार

### जिला परामर्शदात्री समिति की बैठक 2 को

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे की अध्यक्षता में 2 जून को शाम 5 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के शासकीय सेवकों की समस्याओं के निराकरण के संबंध में जिला परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में शासन द्वारा मान्यता प्राप्त सभी कर्मचारी संगठनों के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। संबंधितों को बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने कहा गया है।

### राशन दुकानों में होगा चावल उत्सव का आयोजन

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने शासन के निर्देशानुसार सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं छत्तीसगढ़ खाद्य और पोषण सुरक्षा अधिनियम तथा मुख्यमंत्री खाद्यान्न सहायता योजना के राशन कार्डधारी परिवारों को माह जून से अगस्त 2025 के तीन माह का चावल वितरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिले में संचालित सभी उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से राशनकार्डधारी परिवारों को 30 जून तक 3 माह के चावल वितरण सुनिश्चित करने निर्देशित किया है। चावल को छोड़कर शेष राशन सामग्री शक्कर, नमक, चना का भंडारण एवं वितरण नागरिकों आपूर्ति निगम में स्टॉक की उपलब्धता के आधार पर माह जून से अगस्त के दौरान प्रत्येक माह पृथक-पृथक जारी आबंटन अनुसार वितरण की कार्रवाई सुनिश्चित करने कहा है। चावल वितरण हेतु शासकीय उचित मूल्य दुकानों में चावल उत्सव का आयोजन किया जाएगा। दुकान स्तर पर निगरानी समिति के समक्ष हितग्राहियों को चावल एवं अन्य राशन सामग्री का वितरण कराया जाएगा।

### बुजबजी मंदिर पहुंची विधायक

**छुईखदान।** विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा आज बेताल रानी घाटी रोड पर बुद्धानभाठ से पहले स्थित बुजबजी मंदिर का दर्शन करने पहुंची। ज्ञात हो



कि यह मंदिर क्षेत्र में आस्था का केंद्र है। यहां माघ पुन्नी में मेला लगता है। यहां पर दूर-दूर से आमजन दर्शन करने आते हैं। यहां स्थित कुंड का पानी घर ले जाते हैं। कुंड में बारह महीना पानी भरा रहता है। विधायक श्रीमती वर्मा ने दर्शन बाद ग्रामीणों की मांग पर सामुदायिक भवन के लिए पांच लाख देने की घोषणा की। इस दौरान मोतीलाल जंघेल, छोटे राजा देवराज किशोर दास, सज्जाक खान, कमलेश यादव, दीपक वैष्णव, नरेंद्र सेन, माहेश्वरी, अशोक वैष्णव, चंदन नीचे आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

### शनि जयंती पर आज रानीसागर दीयों से होगा रौशन

**राजनांदगांव।** रानीसागर तट स्थित श्री शनिदेव धाम मंदिर में दो दिवसीय



शनिदेव जन्मोत्सव का भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। दो दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दिन 26 मई की संध्या शनिदेव धाम मंदिर और रानीसागर तट की पचरियों पर एक लाख मिट्टी के दीयों से रौशनी की जाएगी। इस वर्ष दीपोत्सव की थीम आपरेशन सिंदूर के नाम समर्पित होगी। दीपोत्सव की शुरूआत शाम सात बजे से होगी। साथ ही भव्य आतिशबाजी का कार्यक्रम भी संपन्न होगा। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में महापौर मधुसूदन यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश एच. लाल, विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर वर्मा, राधेश्याम शर्मा, भाजपा प्रदेश महामंत्री रामजी भारती, भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, समाजसेवी किशोर बेलावाला, समाजसेवी शेखर साहू, वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र मिश्रा, प्रेस क्लब अध्यक्ष सचिन अग्रहरी, किशोर शिल्लेदार, रमेश सोनी, दुर्गेश यादव मौजूद रहेंगे। दूसरे दिन 27 मई की शाम सात बजे भगवान शनिदेव की महाआरती और महाप्रसादी का आयोजन किया गया है। शनिदेव धाम मंदिर के संयोजक राकेश ठाकुर ने दो दिवसीय शनि जन्मोत्सव कार्यक्रम में शनिदेव भक्तों और श्रद्धालुओं से उपस्थित रहने की अपील की है।

### राज्य स्तरीय योगा में दो विद्यार्थियों का चयन



**राजनांदगांव।** गायत्री विद्यापीठ केशर नगर के विद्यार्थियों का चयन एनसीईआरटी नई दिल्ली द्वारा आयोजित योगा ओलम्पियाड प्रतियोगिता 2025 के लिए हुआ है। उक्त आयोजन के लिए संभाग स्तरीय योगा ओलम्पियाड प्रतियोगिता का आयोजन 24 मई को सुबह 8 बजे महात्मा गांधी उच्च. माध्य. विद्यालय दुर्ग में आयोजित किया गया। जिसमें गायत्री विद्यापीठ के कुल 13 विद्यार्थियों प्रवेश देवांगन, जिवेश कुमार साहू, साहित्य देवांगन, यथार्थ कश्यप, राज डहरे, वेन्या मरकाम, जोया फातिमा, अनन्या राजपूत, वेक्षा साहू, वैष्णवी रंगारी, आकृति महोबिया, रागिनी भट्टाचार्य, अक्षरा गौतम ने योग शिक्षिका भारती साहू, चितरंजन साहू के दिशा-निर्देशन में बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा अपनी शानदार प्रस्तुति दी। जिसमें दो योगकला में पारंगत विद्यार्थी कक्षा आठवीं से वैष्णवी रंगारी तथा साहित्य देवांगन का चयन राज्य स्तरीय योगा ओलम्पियाड प्रतियोगिता में हुआ। उक्त प्रतियोगिता आगामी 28 मई को रायपुर में आयोजित की जाएगी। शाला की व्याख्याता उर्मिला मिश्रा से अनुसार प्राचार्य शैलजा नायर ने बच्चों को उनकी इस सफलता पर बधाई देते कहा कि योग एक प्राचीन भारतीय शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक अभ्यास है, जो विद्यार्थियों के लक्ष्य प्राप्ति में सहायक है।

## बम्लेश्वरी ट्रस्ट और रोपवे संचालन कंपनी ने एक-दूसरे पर झाड़ा पल्ला

# दोषियों पर कार्रवाई नहीं, डबल सपोर्ट सिस्टम के बगैर रोपवे का संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मां बम्लेश्वरी मंदिर परिसर में पिछले 24 अप्रैल को हुए रोपवे हादसे के मामले में प्रशासन द्वारा जांच के आदेश दिए जाने के बाद भी आज पर्यन्त तक न तो जांच रिपोर्ट सामने आई है और न ही जिम्मेदारों पर कोई कार्रवाई की गई है। इस मामले में मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट और रोपवे संचालन कंपनी ने एक-दूसरे पर पल्ला झाड़कर पूरे मामले को ही रफादफा कर दिया है। इधर डबल सपोर्ट सिस्टम के बगैर ही कंपनी ने फिर से संचालन शुरू कर दिया है।

मां बम्लेश्वरी मंदिर रोपवे में बीते 24 अप्रैल को एक हादसा हुआ और बीजेपी नेताओं से भरी रोपवे ट्रॉली नीचे पहुंचकर स्टेशन में अचानक पलट गई। इस हादसे में जहां एक ओर बीजेपी प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा गंभीर रूप से घायल हुए थे। जिनका इलाज अब भी रायपुर के अस्पताल में चल रहा है। हादसे के बाद जिला प्रशासन ने आनन-फानन में रोपवे संचालन को बंद करवा दिया था। हादसे की पूरी जांच होने के पश्चात ही रोपवे संचालन करने का आदेश जारी किया था। दूर-दूर से माता के दरबार में आने वाले दर्शनार्थियों को राहत देते हुए लंबे अंतराल के बाद अब रोपवे का संचालन पुनः शुरू किया गया है, लेकिन इस हादसे में अब तक किसी भी दोषी पर कोई कार्रवाई देखने को नहीं मिल रही है।




### मामले की जांच जारी-टीआई

वहीं पूरे मामले में डोंगरगढ़ पुलिस थाना में भी एक एफआईआर दर्ज हुई थी, जिसे लेकर थाना प्रभारी डोंगरगढ़ जितेंद्र वर्मा ने बताया कि अभी भी पुलिस द्वारा मामले में जांच जारी है। किसी भी तरह की कोई चार्जशीट नहीं बनाई गई है। इतने दिन बीतने पर भी पुलिस महज सीसीटीवी फुटेज खंगालने और वहां उपस्थित कर्मचारियों के बयान कराने की बात में ही अटकी है।

### लंच टाईम में किसके आदेश पर संचालन?

इस पूरे मामले में अभी तक इस तथ्य का खुलासा नहीं किया गया है कि लंच टाईम में आखिर किसके आदेश पर रोपवे का संचालन किया जा रहा था। लंच टाईम के चलते रोपवे के कर्मी मौके पर नहीं थे। इस बीच आखिर रोपवे का संचालन क्यों किया गया? जांच में इस तथ्य की अनदेखी भी की जा रही है।

### सुधार कर रिपोर्ट भेज दिया गया-एसडीएम

एसडीएम मनोज मरकाम ने बताया कि रोपवे संचालन कंपनी दामोदर रोपवे द्वारा उसमें आवश्यक सुधार एक टेक्निकल रिपोर्ट भेजा गया है। साथ ही एनआईटी रायपुर की टीम ने भी जांच में आवश्यक सुधार के लिए कहा है, जिसे सुधारकर मैनुअल शुरू किया गया है। वहीं रोपवे में अब भी कुछ सुधार मैनुअल से ओटोमेटिक करने के लिए करने है। जिसमें दो महीने का समय लगेगा। वही जांच में दोषी के संबंध में पूछे जाने पर एसडीएम ने अपना पलड़ा झाड़ते कहा कि रिपोर्ट ऊपर भेज दी गई है और दोषी कौन, अब तक पता नहीं।

### दामोदर इंफ्रा कंपनी को एडवांस भुगतान-ट्रस्ट समिति

मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि एनआईटी रायपुर की टीम और दामोदर रोपवे जो कि रोपवे के संचालन के लिए जिम्मेदार कंपनी है। ट्रस्ट ने संयुक्त रूप प्रत्येक बिंदुओं पर बारीकी से जांच करवाया, पूरी तरह संतुष्ट होने के बाद रोपवे का संचालन शुरू किया है। रोपवे संचालन समिति एडवांस पेमेंट मेन्टेनेंस सामग्रियों के लिए दामोदर इंफ्रा कंपनी को करती है। सुरक्षा की दृष्टि से रोपवे की ट्रॉली न गिरे इसको ध्यान में रखते हुए डबल सपोर्ट सिस्टम का भी इंस्टॉलेशन भविष्य में किया जाएगा।

## ट्रक ने पीछे से ठोका, चालक की मौत

- मवेशी को बचाने लगाया था ब्रेक




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नेशनल हाईवे में जा रही एक ट्रक के सामने मवेशी आ गया, जिसे बचाने के प्रयास में चालक ने अपने ट्रक को रोका, इसी दौरान पीछे से आ रही ट्रक जा टकराई। जिससे चालक को गंभीर चोंटे आई और उसकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस कार्रवाई कर रही है।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार सुबह लगभग 8 साढ़े 8 बजे नेशनल हाईवे में एक ट्रक जा रही थी, वह ग्राम मनकी के पास पहुंची ही थी कि सामने एक मवेशी आ गया। जिससे उक्त ट्रक चालक ने अपनी वाहन रोक दिया। बताया गया कि इसी दौरान उक्त ट्रक के पीछे दूसरा ट्रक आ रहा था, जो अचानक सामने रूके ट्रक के पीछे से जा टकराया।

पुलिस के अनुसार इस घटना में ट्रक चालक हेमंत बानते 35 वर्ष को गंभीर चोंट आई थी, जिसे उपचार हेतु चिकित्सालय ले जाया गया, जहां उसकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस कार्रवाई कर रही है।

### पुराना महिला अस्पताल दिग्विजय महाविद्यालय को सौंपने की मांग

**राजनांदगांव।** स्टेट शासनकाल में निर्मित जनाना



अस्पताल के नाम से प्रसिद्ध महिला अस्पताल की वर्तमान दुर्दशा से प्रभावित श्री शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति के अध्यक्ष डॉ. डीसी जैन ने कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे को एक ज्ञापन देकर महिला अस्पताल को दिग्विजय महाविद्यालय को सौंपने की मांग की है।

कलेक्टर को प्रेषित ज्ञापन में दर्शाया गया है कि महिला अस्पताल विगत 30 वर्षों से बंद है। कई वर्षों तक उसका उपयोग स्वास्थ्य विभाग द्वारा नर्सिंग ट्रेनिंग प्राप्त करने वाली प्रशिक्षुओं के निवास हेतु किया जा रहा था, परंतु विगत कई वर्षों से वह भी बंद हो जाने के कारण महिला अस्पताल की सुरक्षा और रखरखाव और स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। हाल ही में असामाजिक तत्वों द्वारा कंपाउंड वॉल को तोड़कर वहां की चल-अचल संपत्ति को नुक़सान पहुंचाया जा रहा है, परंतु लोक कर्म विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कलेक्टर को दिए गए ज्ञापन में समिति द्वारा पुराना राज महल जिसमें दिग्विजय महाविद्यालय संचालित है, वहां विद्यार्थियों की बढ़ती

## सड़क हादसे में डॉक्टर की मौत

- मेडिकल कॉलेज में पदस्थ डॉक्टर धनंजय सिंह की पत्नी थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज के शिशुरोग



विभाग में पदस्थ एमडी डॉ. धनंजय सिंह की धर्मपत्नी डॉ.दीपमाला सिंह का एक सड़क हादसे में निधन हो गया। 23 मई को पेंड्री में कुछ अज्ञात बाइक सवार ने डॉ. दीपमाला के वाहन को जबर्दस्त ठोकर मारी थी। उनका इलाज रायपुर में चल रहा था, जहां आज उनका निधन हो गया। राजनांदगांव मुक्तिधाम में 25 मई को उनका अंतिम संस्कार किया गया है। दीपमाला को ठोकर मारकर फरार होने वाले दो पहिया वाहन सवारों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार डॉ. दीपमाला सिंह बिलासपुर सिम्स से एमडी माइक्रो बायलॉजी की पढ़ाई पूरी करने के बाद अपनी नियुक्ति का इंतजार कर रही थी। इस दौरान अपने घर राजनांदगांव आई थी। 23 मई को स्कूटी में सवार होकर दीपमाला राजनांदगांव शहर की ओर आ रही थी। उसी दौरान रात को 8 बजे के आसपास मेडिकल कॉलेज चौक में ही अज्ञात मोटर साइकिल सवारों ने उन्हें ठोकर मार दी। जिससे वह गंभीर घायल होकर सड़क पर ही गिर गई। आनन-फानन में उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया, लेकिन गंभीर स्थिति को देखते हुए रामकृष्ण हॉस्पिटल रायपुर ले जाया गया, जहां पर उपचार के दौरान बीती रात 1.30 बजे उनकी मौत हो गई। इस हादसे ने सिंह परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट गया है।

### पिछले साल जुलाई में हुई थी शादी

यहां यह उल्लेखनीय कि पिछले साल जुलाई में ही दीपमाला सिंह की शादी डॉ. धनंजय सिंह से हुई थी। जुलाई में शादी को एक साल होने जा रहे थे। इसके पहले ही एक सड़क हादसे ने होनहार महिला डॉक्टर की जान ले ली है। यह भी पता चला है कि 2 दिन बाद ही स्वर्गीय दीपमाला के भाई का सगाई समारोह भी






## हिन्दू युवा मंच ने जीता खिताब

**राजनांदगांव।** न्यू फ्रेंडस क्लब डोंगरगढ़ और रेलवे इंस्टीट्यूट डोंगरगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित प्रथम रात्रिकालीन सेवन-ए साईड फुटबॉल टूर्नामेंट डोंगरगढ़ प्रीमियर लीग के फाईनल मुकाबले में हिन्दू युवा मंच राजनांदगांव ने डोंगरगढ़ वॉरियर्स को पेनाल्टी शूट आऊट में 1 के मुकाबले 3 गोल से करारी शिकस्त दी। विजेता टीम को 55 हजार रुपए नगद और विनर्स ट्रॉफी। साथ ही उपविजेता टीम को 44 हजार रुपए नगद राशि एवं उपविजेता की ट्रॉफी प्रदान की गई।



रेलवे ग्राउंड में 12 से 18 मई तक आयोजित प्रथम डोंगरगढ़ फुटबॉल लीग स्पर्धा दूधिया रौशनी में खेली गई। टूर्नामेंट में कुल 8 टीम ने भाग लिया था। दोनों टीमों को दो पूल में बांटा गया था। सभी टीमों को अपने-अपने पूल की टीमों के विरुद्ध मैच खेलने थे और ज्यादा से ज्यादा अंक हासिल करने थे। अपने-अपने पूल में जिन दो टीमों ने सर्वोच्च अंक हासिल किए थे, उनके बीच सेमी फाईनल के मुकाबले हुए और सेमी फाईनल मुकाबला जीतकर दोनों ही टीम हिन्दू युवा मंच राजनांदगांव और डोंगरगढ़ वॉरियर्स फाइनल पहुंची थी। फाईनल मुकाबले में दोनों ही टीम एक-दूसरे के गोल पोस्ट पर गोल करने का भरसक प्रयास करती रही, किन्तु मैच की समाप्ति तक स्कोर शून्य की बराबरी पर था। ऐसे में मैच का अंतिम निर्णय ट्राइब्रेकर के माध्यम से निकाला गया। जिसमें हिन्दू युवा मंच राजनांदगांव ने 1 के मुकाबले 3 से जीत हासिल की। हिन्दू युवा मंच टीम की तरफ से सूर्यांश सिंह, तपिश शुक्ला और श्रीवर्धन सिंह राजपूत ने गोल कर अपनी टीम को जीत दिलाकर टूर्नामेंट का विजेता होने का गौरव दिलाया। वहीं डोंगरगढ़ वॉरियर्स टीम से देशराज मार्को एकमात्र गोल कर पाए। हिन्दू युवा मंच के कोच किशोर माहेश्वरी और टीम के ऑनर अरविंद तिवारी थे। वहीं डोंगरगढ़ वॉरियर्स टीम के ऑनर डीकेश राव थे। न्यू फ्रेंड्स क्लब डोंगरगढ़ के प्रमुख सत्यम स्वामी, तरंग बोपचे और जुनैद अली सहित आयोजक मंडल ने विजेता और उपविजेता टीम को जीत की बधाई दी।






# 28 विभागों ने हितग्राहियों को किया लाभान्वित

## सुशासन तिहार अंतर्गत ग्राम भोलापुर में समाधान शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सुशासन तिहार अंतर्गत जनपद पंचायत छुरिया के ग्राम पंचायत भोलापुर में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सुशासन तिहार अंतर्गत ग्राम पंचायत भोलापुर, घुपसाल छु, धरमुटोला, फाफामार, मातेखेड़ा, पठानढोडगी, साल्हेटोला, सीताकसा गै, पुर्रामटोला, शिकारीमाहका, बोईरडीह के ग्रामीणों से प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया गया है।

शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय सिन्हा, समाजसेवी कोमल सिंह राजपूत, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष प्रशांत ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य बिरम मंडावी, भेषबाई साहू, उतरा निषाद, चंद्रप्रकाश मोटघरे, भानबाई मंडावी, हेमीन साहू, उभेराम मंडावी एवं सुनीता सेवता, जनपद पंचायत छुरिया के सदस्य, ग्राम पंचायतों के सरपंच, पंच एवं अन्य जनप्रतिनिधि,तहसीलदार छुरिया विजय कोठरी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत छुरिया होरीलाल साहू सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी व बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



### आवेदनों का निराकरण

समाधान शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, कृषि, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, खाद्य, स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाज कल्याण, विद्युत, वन, श्रम, पशुपालन, परिवहन सहित कुल 28 विभागों द्वारा स्टॉल के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया तथा ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी एवं पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ लेने प्रोत्साहित किया। शिविर में विभिन्न विभागों को प्राप्त कुल 3909 आवेदनों का निराकरण किया गया। जिसमें 3880 आवेदन मांग एवं 29 आवेदन शिकायतों से संबंधित थे।

# स्वच्छ, सुंदर व विकसित कवर्धा की दिशा में अग्रसर कवर्धा शहर: चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

स्वच्छ व सुंदर और विकसित कवर्धा बनाने के संकल्प के तहत तालाबों के संरक्षण एवं संवर्धन की मुहिम लगातार जारी है। इसी कड़ी में सातवें पड़ाव के तहत लगातार तीसरे रविवार को भी दर्रीपारा तालाब में स्थानीय लोगों, जनप्रतिनिधियों और वार्डवासियों ने मिलकर श्रमदान किया। इस दौरान तालाब की सफाई कर उसे स्वच्छ बनाया गया।

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि जब तक दर्रीपारा तालाब साफ नही हो जाता है तब तक आने वाले रविवार को इसी तालाब में श्रमदान चलाया जाएगा। उन्होनें कहा कि इस प्रयास से न केवल तालाब की साफ-सफाई हुई बल्कि पानी की गुणवत्ता में भी सुधार आने लगा है तालाब अब स्वच्छ दिखने लगा है लगातार इस तरह के प्रयासों से शहर के पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलेगी और जल स्त्रोत सुरक्षित रहेंगे। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि यह अभियान अगले रविवार को भी जारी रहेगा और अन्य तालाबों की सफाई के लिए भी योजना बनाई जा रही है। साथ ही युवाओं और स्कूल-कॉलेजों के विद्यार्थियों को भी इस मुहिम से जोड़ा जाएगा ताकि उनमें जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़े। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजेन्द्र सलूजा, मनहरण कौशिक, उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, सभापति रिंकेश वैष्णव, दुर्गेश अवस्थी, बिहारी राम धुर्वे, अजय ठाकुर, पार्षद दीपक सिन्हा, सुरेन्द्र पाण्डेय, पूर्व पार्षद सुरेन्द्र गुप्ता, पार्षद प्रतिनिधि हरीश साहू, कैलाश कौशिक, केशरी सोनी, सोनू उपाध्याय, सचिन अग्रवाल, अजय चौबे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रोहित कुमार साहू सहित अधिकारी-कर्मचारीगण अधिक संख्या में उपस्थित थे।

## तालाब संरक्षण एवं संवर्धन अभियान के सातवें पड़ाव में जुटे शहरवासी



स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण और जल स्रोतों के पुनर्जीवन की दिशा में कवर्धा शहर में जनसहभागिता से एक प्रेरणादायक पहल की जा रही है। स्वच्छ, सुंदर और विकसित कवर्धा के संकल्प को साकार करने हेतु तालाबों के संरक्षण एवं संवर्धन अभियान का सातवां पड़ाव रविवार को दर्रीपारा तालाब में संपन्न हुआ। खास बात यह रही कि यह लगातार तीसरा रविवार था जब स्थानीय नागरिकों, समाजसेवियों, युवाओं और मोहल्लेवासियों ने मिलकर तालाब की सफाई हेतु श्रमदान किया। सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग जुटे और पूरे उत्साह से दर्रीपारा तालाब की सफाई में हिस्सा लिया। झाड़ियां काटी गईं, प्लास्टिक और अन्य कचरे को हटाया गया और जलकुंभी निकालकर तालाब को स्वच्छ करने का कार्य किया गया। इस अभियान का उद्देश्य न केवल तालाबों को साफ-सुथरा बनाना है, बल्कि पारंपरिक जल स्रोतों का संरक्षण कर वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देना है। यह प्रयास आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ जल और हरित वातावरण उपलब्ध कराने में मददगार सिद्ध होगा।

## खबर संक्षेप



### धनौरा में राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में तीन छात्राओं का चयन

**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय धनौरा में राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा 2024-25 में चयनित होने पर छात्रा कशिश खाण्डे, छात्रा काजल साहू एवं छात्रा स्वीती खाण्डे को विद्यालय परिवार धनौरा द्वारा बधाई एवं उनकी उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की गई। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधान पाठक बिरेंद्र चंद्रवंशी, एसएमसी अध्यक्ष गुलाबचंद साहू, शिक्षक नरेन्द्र सर्वे, भूपेंद्र चंद्रवंशी, रामगुलाम पटेल द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया।

### कुम्ही में श्री शनिदेव मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा की गई



**हरिभूमि पाण्डातराई।** रविवार को ग्राम पंचायत कुम्ही में श्री शनिदेव मंदिर में मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा स्थापना किया गया। जिसमें अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, महामंत्री जिला भाजपा क्रांति गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा बालाराम चंद्रवंशी, जिला महामंत्री भाजयुमो सचिन गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष भाजयुमो तुकेश चंद्रवंशी, सोसायटी अध्यक्ष विद्यानंद चंद्रवंशी, पूर्व महामंत्री बिरबल साहू, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष रशीद बघेल, पूर्व उपाध्यक्ष दयालु साहू, जनपद सदस्य प्रतिनिधि रामकुमार बंजारे, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष प्रीतम जायसवाल, मोतीराम चंद्रवंशी, श्रवण चंद्रवंशी, राजेंद्र चंद्रवंशी, गोकुल साहू, सरपंच प्रतिनिधि बालाराम चंद्रवंशी, सुदर्शन चंद्रवंशी, पूर्व सरपंच चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, उपसरपंच राजेश्वर चंद्रवंशी, सरपंच बिहारी चंद्रवंशी, वरिष्ठ पुरन चंद्रवंशी, वरिष्ठ नेता मीनू चंद्रवंशी, धनराज चंद्रवंशी, पार्षद प्रत्याशी मनोज बंजारे, चैन साहू, बूथ अध्यक्ष श्री मिश्रा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी व क्षेत्रवासी गण उपस्थित थें।

## भावना बोहरा की पहल से वनांचल क्षेत्रों में पहुंचेगा शुद्ध पेयजल, झिरिया के पानी से मिलेगी मुक्ति

# मजगांव व बिरहुलडीह में विकास कार्यों का किया लोकार्पण और भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जनता की सुविधा, सुरक्षा, सशक्तिकरण सुनिश्चित करने एवं पंडरिया विधानसभा में विकास कार्यो को गति देने के साथ ही रविवार को पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने विधानसभा के अंतर्गत आने वाले वनांचल व दूरस्थ क्षेत्रों में होने वाले जल संकट की समस्या के निवारण के लिए 10 पानी टैंकरों का शुभारम्भ कर जनता की सेवा में समर्पित किया। उनके इस सराहनीय प्रयास से विधानसभा क्षेत्र के वनांचल व दूरस्थ क्षेत्रों में झिरिया का पानी पीने को मजबूर ग्रामवासियों को अब स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा। विधायक निधि से लगभग 25 लाख रुपए की लागत से इन सभी पानी टैंकरों के माध्यम से अब उन सुंदूर और वनांचल ग्रामों में निवासरत परिवारों तक स्वच्छ पेयजल की सुचारू रूप से आपूर्ति होगी जहां गर्मी के मौसम में जल संकट की स्थिति रहती है। श्रीमती बोहरा के इस सराहनीय प्रयास से उन सभी 11 पंचायतों में निवासरत सैकड़ों परिवारों को राहत मिलेगी और उन्हें स्वच्छ पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित होगी। इस अवसर पर भावना बोहरा ने ग्राम पंचायत बिरहुलडीह एवं ग्राम पंचायत कांदावानी, सेन्दुरखार, अमनिया, तेलियापानी लेदरा, बदना, आगरपानी, छिंदीडीह, कुई, दमगढ़ व भेलकी में 3500 लीटर क्षमता वाले कुल 10 पानी टैंकर विधायक निधि से ग्राम पंचायतों को आवंटित की गई, उन्हें हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जिसका संचालन स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा पेयजल आपूर्ति हेतु की जाएगी। इससे ग्रामवासियों में भी खुशी की लहर है और उन्होंने पंडरिया विधायक का आभार व्यक्त किया। क्योंकि कि अब उन्हें दूर-दराज व अन्य क्षेत्रों में पानी लाने की असुविधा से छुटकारा मिलेगा वहीं उनके परिश्रम व समय की बचत भी होगी जिससे वे अपने दैनिक कार्यों एवं खेती-किसानी के कार्यो को भी निश्चिंत होकर कर सकेंगे। साथ ही साथ विधायक ने ग्राम बिरहुलडीह और मजगांव में 42 लाख 50 हजार के अधोसंरचना निर्माण व विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कर ग्रामवासियों को बधाई दी। उन्होंने ग्राम बिरहुलडीह में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया साथ ही ग्राम मजगांव में सामुदायिक भवन, सीसी रोड का भूमिपूजन व नवनिर्मित सीसी रोड का लोकार्पण किया। उन्होने सभी ग्रामवासियों को बधाई देते हुए कहा कि जल हमारे दैनिक जीवन का एक अत्यंत ही उपयोगी हिस्सा है जिसके बिना हम जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते। हमारे पंडरिया विधानसभा के वनांचल व दूरस्थ क्षेत्रों में जहां वर्ष भर एवं गर्मी के समय जल संकट रहता है यह देखकर मुझे हमेशा ही पीड़ा होती थी कि वे किस तरह पानी के लिए दूर-दराज व दुर्गम क्षेत्रों से अपनी जान जोखिम में डालकर पानी लाने के लिए मजबूर थे यहां तक कि जल स्तर नीचे जाने की वजह से जल स्त्रोत सूखने से उन्हें झिरिया का पानी पीना पड़ता था। आज मुझे यह अवसर मिला की मैं उनकी इस पीड़ा को कम कर सकूं और उनके रोजमर्रा की उस तकलीफ को कम कर सकूं। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय में भी हमने हमारे किसानों और दूरस्थ एवं सूखाग्रस्त इलाकों में निवासरत परिवारों के लिए सिंचाई एवं पेयजल की आपूर्ति के लिए कई प्रयास और प्रदर्शन किए परन्तु पूर्व की कांग्रेस सरकार ने इसका कोई समाधान नहीं किया। लेकिन आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली डबल इंजन भाजपा सरकार है, जो प्रदेश के हर व्यक्ति की सेवा, सुविधाओं का विस्तार एवं समस्याओं का समाधान करने के लिए कृत संकल्पित है।



### ग्राम पंचायतों व स्थानीय जनप्रतिनिधियों के समन्वय के साथ इसका बेहतर संचालन सुनिश्चित होगा

उन्होंने कहा कि इन सभी पानी टैंकरों का ग्राम पंचायतों व स्थानीय जनप्रतिनिधियों के समन्वय के साथ इसका बेहतर संचालन सुनिश्चित होगा। हमें अपेक्षा है कि ग्राम पंचायत का भी इस सुविधा को ज्यादा प्रभावी एवं सुचारू रूप से संचालन करने में हमे विशेष सहयोग मिलेगा जिससे वर्षो से जल संकट से गुजर रहे इन ग्राम पंचायतों में शुद्ध पेयजल लोगों के घरों तक पहुंचेगा। इसके साथ ही आने वाले समय मे कुकदुर के वनांचल क्षेत्रों में भी यह सुविधा मुहैय्या कराई जाएगी ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके। वनांचल क्षेत्रों व आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में निवासरत जनजातीय समुदाय के लिए भी प्रधानमंत्री द्वारा विशेष पहल की जा रही है। आज पीएम जनमन योजना के माध्यम से पंडरिया विधानसभा के वनांचल क्षेत्र में 50 किलोमीटर के सड़कों का विस्तार हो रहा है जो यहां की आर्थिक प्रगति के नए अवसर लेकर आएगा, वहीं आवास प्लस के तहत 3000 आवासों को स्वीकृति मिली है। यह सभी प्रयास और विकास कार्य वनांचल एवं आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों की प्रगति को गति दे रहे हैं।

### टैंकर उपलब्ध हो जाने से समस्याओं का होगा समाधान

श्रीमती बोहरा ने कहा कि वनांचल गांव में पानी टैंकर के अभाव में विवाह सहित अन्य सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रमों में लोगों को परेशानी हो रही थी, अब टैंकर उपलब्ध हो जाने से समस्याओं का समाधान हो जाएगा। वहीं, लोगों को समयानुसार जलापूर्ति के लिए भी परेशान नहीं होना पड़ेगा। जनता ने मेरे प्रति विश्वास प्रकट करते हुए एक जनप्रतिनिधि के रूप में अपनी समस्याओं का समाधान और पंडरिया विधानसभा के विकास की जो जिम्मेदारी दी है उसे पूरा करने के लिए मैं निरंतर प्रयासरत हूँ।

# चिमरा में रचनात्मक गतिविधियों के साथ सात दिवसीय भारतीय भाषा का समर कैम्प का शुभारंभ




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिमरा में भारतीय भाषा क्लब गठित कर समर कैम्प के साथ सात दिवसीय भारतीय भाषा के निर्धारित कार्यक्रम संकुल रौचन के समस्त विद्यालयों में प्रसारित कर आवश्यक निर्देशों के परिपालन कर विविध गतिविधियों से छात्र छात्राओं को लाभान्वित करने कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर सीएसी दिलीप सिंह ठाकुर ने प्रसारित किया। प्रधान अध्यापक सहित कार्यरत शिक्षकों में विष्णु दत्त कौशिक, दिलीप कुमार नागवंशी, शक्तिवन दास राय, नीलिमा तिवारी, मालती चंद्रवशी ने ग्रीष्म अवकाश में विद्यार्थियों व पालकों से व्हाट्सएप, मोबाईल फोन और प्रत्यक्ष संपर्क कर अधिक से अधिक छात्राओं को कार्यक्रम में शामिल होने पूर्ण प्रयास किया। विद्यालय में संचालित रचनात्मक गतिविधियों के साथ सात दिवसीय भारतीय भाषा समर कैम्प के निर्धारित कार्यक्रम जिसमें खुद का परिचय देने सीखना, भाषा की बुनियादी बातें, संख्या ज्ञान, बाजार, बस स्टाफ, ऑटो ड्राईवर से बातचीत अभ्यास करना, लोककला, देश भक्तिगीत, पेंटिंग सीखना, पारंपरिक व्यंजनों, सब्जियों, मसालों के नामों से अवगत कराया जाएगा, निर्धारित भाषा में देशभक्ति, इंडियन आर्मी की प्रेरक कहानियों बताई जाएगी। भाषा से जुड़ी राज्य का इतिहास, भूगोल की जानकारी दी जाएगी। आवश्यक फोटोग्राफ्स, वीडियो रिकॉर्ड अपलोड किए जाएंगे साथ ही साथ समापन दिवस प्रमाण पत्र का वितरण भी किया जाएगा। संकुल समन्वयक ने 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर उच्च कार्यालय से प्राप्त निर्देशों को प्रसारित करते हुए एक पेड़ मां के नाम यूथ एवं इको क्लब के माध्यम से वृक्षारोपण एवं पर्यावरणीय गतिविधियों से छात्राओं को जोड़ते हुए प्रकृति प्रेम की भावना जागृत करने विविध गतिविधियों आयोजित करने आवश्यक रूपरेखा भी प्रसारित की, भारतीय भाषा के साथ दिवशी कैंप में सेवानिवृत शिक्षक शिक्षाविद एवं गांव में उपलब्ध लोक कलाकारों संगीतकारों को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है पूर्व में पूर्व में प्रसारित समर कैंप की रचनात्मक गतिविधियां जिसमें कक्षा छठवीं, सातवीं व आठवीं के छात्र छात्राओं को आवश्यक नोटबुक एवं पेंटिंग प्रतियोगिता व्यक्तित्व विकास में सहायक आवश्यक एवं महत्वपूर्ण टिप्स भी छात्रों में बौद्धिक स्तर में सुधार हेतु दिए गए।

# भाजपा मण्डल कुण्डा ने दामापुर एवं अतरिया में सुनी मन की बात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव के आह्वान पर एवं जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी के निर्देशानुसार भाजपा मण्डल कुण्डा अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में कुण्डा मण्डल अंतर्गत बूथों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो से मन की बात की 122 वीं एपिसोड को सुनी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मन की बात के 122 वें ऐपिसोड को संबोधित करते हुए एपिसोड की शुरुआत में उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के बारे में बात की, उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य मिशन नहीं है हमारे संकल्प साहस और बदलते भारत की तस्वीर है और इस तस्वीर ने पूरे भारत देश को देश-भक्ति के भावों से भर दिया है, तिरंगे में रंग दिया है। प्रधानमंत्री ने भारतीय सेना की पराक्रम की भी सराहना की उन्होंने ने कहा भारत की सेना ने आतंकवाद पर कड़ा प्रहार किया। इस अवसर पर भाजपा कुण्डा मंडल के वरिष्ठ दसरू साहू, जनपद पंचायत पंडरिया सभापति अश्वनी यदु, सरपंच बहादुर खान, पंच गोलू साहू, अनिल यादव, मन्नू साहू, कार्यकर्ता लल्ला कुंभकार सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

## सेन समाज का भवन लोकार्पण व प्रतिभावान छात्र छात्राओं का किया सम्मान



**हरिभूमि कवर्धा।** कवर्धा नगर में जिला स्तरीय महासम्मेलन जिला सर्व नाई सेन श्रीवास समाज द्वारा आयोजन किया गया, जिसमे श्री सेन भवन का लोकार्पण उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन विजय शर्मा व उपाध्यक्ष जिला पंचायत कैलाश चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बोड़ला नंद श्रीवास के हाथों से किया गया। उक्त कार्यक्रम में सर्व नाई सेन समाज के जिलाध्यक्ष मनहरण श्रीवास व वरिष्ठ उपाध्यक्ष नंद श्रीवास द्वारा उपमुख्यमंत्री के स्वागत के बाद छत्तीसगढ़ महतारी व श्री सेन महाराज के तैलचित्र में पूजा अर्चना कर किया गया। भवन लोकार्पण पश्चात लालाजी श्रीवास के टीम मन भौवरा द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दिया गया, उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रान्त अध्यक्ष सर्व नाई सेन समाज त्रिलोकचंद श्रीवास और संभागीय अध्यक्ष दिनेश सेन उपस्थित थें। जिला सेलून व्यापार संघ कबीरधाम द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया तत्पचात जिलाध्यक्ष भगत राम श्रीवास और शहर अध्यक्ष राजू श्रीवास, जिला कोषाध्यक्ष युवा प्रकोष्ट जिलाध्यक्ष होलीराम श्रीवास, युवा प्रकोष्ठ सचिव रामकुमार श्रीवास, महामंत्री राजेश श्रीवास के उद्बोधन पश्चात मनहरण ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा की सैन एकता आज वृहद स्वरुप में है आज सेन समाज शासन और प्रशासन के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहा है। वहीं शहर कोषाध्यक्ष महेन्द्र श्रीवास ने कहा की समाज आज विभिन्न प्रकोष्ठ और नेतृत्व को लेकर आगे बढ़ने में प्रयासरत है। इस कार्यक्रम का संचालन कर्मचारी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष राजकुमार श्रीवास द्वारा किया गया। वहीं शाम के आयोजन में सेन प्रतिभा के रूप में प्रतिभा सम्मान का आयोजन किया गया, जिसमे जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू व पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा अतिथि के रूप में उपस्थित थें। उक्त कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव अश्वनी श्रीवास द्वारा किया गया, कार्यक्रम की शुरुवात महिला प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष श्रीमती दुर्गा सेन, जिला उपाध्यक्ष लता सेन, जिला सचिव श्रीमती निर्मला सेन व जिला कोषाध्यक्ष श्रीमती संतोषी श्रीवास ने विधायक श्रीमती भावना बोहरा के स्वागत के साथ किया। कवर्धा ब्लॉक अध्यक्ष कपिल श्रीवास ने कहा की आज मंच के माध्यम से हम उन होनहार विद्यार्थियों और प्रतिभाओ का सम्मान करने जा रहे है, जिन्होने राज्य स्तर और राष्ट्रीय स्तर पर सर्व नाई सेन समाज का नाम रौशन किया है। इस सम्मान मंए नेशनल खिलाडी, ब्लेक बेल्ट होल्डर और गोल्ड मेडलिस्ट इन मार्शल आर्ट आरुही श्रीवास, बेस्ट कलस्टर को ऑर्डिनेटर सुखदेव श्रीवास, राजकीय शिक्षक पुरस्कृत राजकुमार श्रीवास, महाविद्यालयीय टॉपर कंचन श्रीवास, राज्य चित्रकला पुरस्कृत तरुण सेन, छत्तीसगढ़ सस्कृतिक मंच से राकेश सकुंतला सेन, बोर्ड टॉपर मिलेन्द्र सेन, निखिल श्रीवास, वैभव श्रीवास और वर्षा श्रीवास सहित अनेक प्रतिभाओ को सम्मानित किया गया।

## गुरु भगवंत का मंगल प्रवेश शोभा यात्रा प्रारंभ



**हरिभूमि कवर्धा।** सूर्य देव के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश के साथ ही धर्म नगरी कवर्धा में प्रख्यात जैन संत विनम्र सागर मसा, पुण्यवर्धन सागर मसा एवं गुण वर्धन सागर मसा की मंगल प्रवेश शोभा यात्रा पूनम चंद प्रिंस बोथरा के निवास से प्रारंभ हुई। युवा भजन गायक पलाश टाटिया एवं साथियों द्वारा मधुर धार्मिक भजनों की श्रंखला सारे प्रमुख मार्गो में गूंजती रही। कवर्धा की माटी के सपूत नरेश चंद्र बरडीया को जैन संत के रूप में कवर्धा में प्रथम बार दर्शन कर स्थानीय निवासी खुशी से नाचते झूमते देखे गए। मार्ग में पड़ रहे घरों के श्रावक श्राविकाए अक्षत श्रीफल से गवली श्रद्धा भाव व्यक्त कर रहे थे। जैन मंदिर परिसर पहुंच पूजन विधान के पश्चात अभिनंदन सभा आयोजित की गई। मंगलाचरण शांति विजय मंडल एवं स्वागत गीत ज्ञान वल्लभ महिला मंडल, शांति विजय बहू मंडल एवं समस्त स्थानकवासी महिला मंडल की ओर से प्रस्तुत किया गया। 15 से 22 किलोमीटर प्रतिदिन पद यात्रा कर कवर्धा पधारे मुनि भगवंतो के प्रति सकल जैन संघ अध्यक्ष नेमीचंद श्रीश्रीमाल, वीर भ्राता सुरेशचंद बरडीया, वीर बहन श्रीमती निर्मला तातेड़, डॉ अमिता पारख, पलक लोढ़ा, तृषा टाटिया, आदि चोपड़ा, गेंदमल मोदी, स्वाध्यायी श्रावक डॉ नितिन जैन आदि ने श्रद्धा पूर्ण उदगार व्यक्ति किए। पू पुण्य वर्धन सागर मसा के जीवन पर आधारित लघु नाटिका का शानदार जीवंत मंचन बरडीया परिवार के भव्य, यशवी, शानवी, आरवी, रक्षित, अर्णव, अर्हम, सक्षम ने किया। आज के समारोह के केंद्र बिंदु पू पुण्यवर्धन सागर मसा ने अपने हृदयोदगार व्यक्त करते हुए कहा की आज तो हम पाट पर बैठे हैं, किंतु 3 वर्ष पूर्व मैं भी आपकी तरह सामने दरी पर बैठ कर प्रवचन सुना करता था। गुरु भगवंतो की ऐसी अनन्य कृपा हुई जीवन की सांध्य बेला में संयम प्रदान कर भव छुटकारे का मार्ग प्रशस्त किया। वे हर छोटी बड़ी जरूरत का ख्याल अभिभावक की भांति रखा करते हैं। मैं भाग्यवान हूं जो मुझे ऐसे गुरुवर मिले हैं, उन्होंने कहा कि कोई काम मुश्किल नहीं होता बशर्ते हमारे इरादे मजबूत हो। दृढ़ निश्चय से आप भी पाटे पर बैठ सकते हैं। जाने-अनजाने में हुई भूल-गलतियां के लिए क्षमा मांगते हुए उन्होंने कहा की कवर्धा के उपकार को कभी विस्मृत नहीं कर सकता। तीन सदस्यीय संत मंडल का नेतृत्व कर रहे पूज्य विनम्र सागर मसा ने पांच दिवसीय कवर्धा प्रवास में शिविर, स्वाध्याय, प्रवचन, प्रतिक्रमण आदि का लाभ उठाने का अनुरोध करते हुए कहा कि डरे नहीं निःसंकोच अपनी बात कहें एवं समाधान प्राप्त करें। शोभायात्रा के प्रारंभ के पूर्व अमित अनुराग बरडीया परिवार की ओर से श्री संघ के लिए नवकारसी की व्यवस्था सेठिया काम्पलेक्स रायपुर रोड में रखी गई थी। कार्यक्रम का सफल संचालन पलाश टाटिया द्वारा किया गया। प्रवचन के उपरांत श्री संघ सहित बैंड बाजे के साथ अमित बरडीया एवं मार्गवर्ती घरों में गुरु भगवन्तो द्वारा पग लिया कर मंगल पाठ श्रवण कराया गया।

## फसलों की सुरक्षा हेतु बंदरों को भगाने के लिए पारंपरिक तरीका अपनाएं: प्रतीक चतुर्वेदी

# वन्य जीवों की सुरक्षा हेतु लोहारा में जन जागरूकता बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

थाना सहसपुर लोहारा क्षेत्रांतर्गत ग्राम कोसमंदा एवं दरीगवां में विगत दिनों से बंदरों द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचाने और ग्रामीणों को परेशान किए जाने की घटनाएं सामने आ रही थी। ग्रामीणों द्वारा बंदरों की हत्या किए जाने की जानकारी प्राप्त होने पर उक्त समस्या की रोकथाम तथा जन-जागरूकता हेतु रविवार को अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) प्रतीक चतुर्वेदी के नेतृत्व में थाना सहसपुर लोहारा में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में क्षेत्र के ग्राम सरपंच गण, कोटवार, बजरंग दल के प्रतिनिधि, नगर पंचायत के जनप्रतिनिधिगण, किसान भाई एवं अन्य ग्रामीण जन उपस्थित थें। बैठक में डिप्टी रेंजर, नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारी भी उपस्थित थे। बैठक में एसडीओपी प्रतीक चतुर्वेदी द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों से अपील की गई कि फसलों की सुरक्षा हेतु बंदरों को भगाने के लिए पारंपरिक उपाय जैसे डंडा, फटाका, ढोल, चौकीदार आदि का उपयोग करें, परंतु किसी भी स्थिति में बंदरों की हत्या न करें, बंदर भी वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के अंतर्गत संरक्षित प्राणी हैं, और उनकी हत्या करना एक दंडनीय अपराध है। यदि कोई व्यक्ति बंदरों की हत्या करता हुआ पाया गया, तो उसके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

डिप्टी रेंजर द्वारा उपस्थित लोगों को वन्य जीव कानून की जानकारी दी गई तथा यह बताया गया कि यदि किसी गांव में उत्पाती बंदर दिखाई दे तो वन विभाग को तत्काल सूचना दें, स्वेच्छा से कोई हिंसक कार्यवाही न करें साथ ही फसलों को वन्य जीवों से हुए नुकसान या जनहानि की स्थिति में शासन द्वारा मुआवजा एवं राहत राशि दिए जाने की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी गई। वहीं नायब तहसीलदार द्वारा कोटवारों को निर्देशित किया गया कि वे गांव-गांव मुनादी कर ग्रामीणों को यह संदेश दें कि वे वन्य जीवों को क्षति न पहुंचाएं एवं कानून का पालन करें।

थाना प्रभारी निरीक्षक लालमन साव द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि कानून व्यवस्था बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है और यदि कोई व्यक्ति जन-भावनाओं को भड़काकर अथवा स्वयं कानून हाथ में लेकर पशु हत्या करेगा, तो उसके विरुद्ध कठोर कानूनी कदम उठाए जाएंगे। इस जन-जागरूकता बैठक पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल, पंकज पटेल के मार्गदर्शन में आयोजित की गई, जो वन्य जीवों की सुरक्षा, जन-जागरूकता और कानून व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में एक सराहनीय पहल रही।

### डेंगू दिवस पर पौध रोपण

**हरिभूमि कवर्धा।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जन-जागरूकता अभियान के तहत पौधरोपण किया गया।

**न्यायालय नायब तहसीलदार, कुण्डा जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**ईशतहार**

ईशतहार द्वारा आम जनता ग्राम अंधियारखोर को सूचित किया जाता है कि आवेदक विष्णुपूरी गोस्वामी आ. चिंतामणी जाति गोस्वामी निवासी ग्राम अंधियारखोर तहसील कुण्डा जिला कबीरधाम छ.ग. के द्वारा अपने भाई थालेश्वरपुरी गोस्वामी आ. चिंतामणी का जन्म दिनांक 01.02.1959 को ग्राम अंधियारखोर में हुआ है। जिसका जन्म प्रमाण प्रदान किए जाने संबंधी आवेदन पत्र के साथ पंचनामा चालान की प्रति एवं प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 30.05.2025 तक मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार के दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया।

जारी दिनांक - 14.05.2025
पेशी तिथि - 30.05.2025

मुहर

नायब तहसीलदार
कुण्डा

खबर संक्षेप

## ग्राम कृतबांधा में भागवत कथा का आयोजन

**कवर्धा।** ग्राम कृतबान्धा में श्री मद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। 22 मई से 30 मई तक आयोजित इस कथा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रोतागण पहुंचकर कथा रसपान कर रहे हैं। कथा व्यास सोनम तिवारी केशला खरोरा प्रतिदिन शाम 04 बजे से रात 08 बजे तक कथा का श्रवणपान कराया जा रहा है। जिसमें वेदीपूजा आचार्य चंदन तिवारी एवं भरत ग्रामाचार्य पंडित कुंज विहारी द्विवेदी, पंडित रमेश तिवारी यजमान डिकेश्वर (लालाराम ) श्रीमती इन्द्राणी चन्द्राकर, विश्राम चन्द्राकर, श्रीमती कान्ति चन्द्राकर, राजेन्द्र चन्द्राकर, राधेश्याम चन्द्राकर सहयोग दे रहे हैं।

# विभागों की निष्क्रियता से बदौरा का जंगल बना अपराधियों के लिए शराब, शबाब व अय्याशी का अड्डा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा


जिले के पंडरिया थाना क्षेत्रांतर्गत बदौरा के जंगल में शुक्रवार की देरशाम हुई एक ग्रामीण युवति के साथ बर्बरता और जीवलेवा मारपीट ने जहां जिले की चौपट और खस्ताहाल हो चुकी कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं वहीं वन विभाग की कार्यप्रणाली और मुस्तैदी पर भी सवालिया निशान लगा दिया है।

गौरतलब है कि बीते शुक्रवार की शाम करीब 5.30 बजे कुछ लोगों ने बदौरा के जंगल में चट्टानो के बीच पत्थरों में दबी एक गंभीर रूप से घायल ग्रामीण युवति को अर्ध मूर्छित अवस्था में पड़ा देखा था। बताया जाता है कि बर्बरता और जीवलेवा मारपीट का शिकार इस युवति की यह दुर्दशा उसके प्रेमी ने अपने एक साथी के साथ मिलकर की थी।

हालांकि मामला सामने आने के बाद पुलिस ने फौरी कार्यवाही करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और युवति को भी बेहतर ईलाज के लिए रायपुर मेकाहारा रिफर कर दिया गया है। लेकिन सवाल यह उठता है कि इस व्हीआईपी जिले में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद कैसे हो रहे हैं कि वे इस तरह के जघन्य अपरोधों को भी अंजाम देने से गुरेज नहीं कर रहे हैं। फिर सवाल यह भी उठ रहा है कि पंडरिया क्षेत्र का जो बदौरा का जंगल कभी अपनी हरियाली और सुरम्य वादियों के कारण लोगों के लिए सुकूनगाह हुआ करता था वो आज गैरकानूनी कार्यों और असामाजिक कार्यों का पनाहगाह कैसे बन गया है।

माना जा रहा है कि यहां की रखवाली के नाम पर सरकारी खजाने से हर महिने मोटी रकम लेकर गायब रहने वाले वन विभाग और वन विकास निगम के तथाकथित पहरुओं की गैरजिम्मेदारी अथवा मिलीभगत से ही बदौरा के जंगल में न सिर्फ लगातार अवैध वन विनाश हो रहा है बल्कि बदौरा का जंगल जुआरियों और शराब व शबाब के साथ अय्यासी करने वाले तत्वों के लिए एक मुफीद जगह बनता जा रहा है। अन्यथा किन्ही आपराधिक तत्वों की क्या मजाल थी कि वे अवैध कटाई के लिए इतने संवेदनशील माने जाने और चौबिसों घंटे आमदरफ्त वाले पंडरिया से कोदवा वन मार्ग पर विभागीय कर्मियों की उपस्थिति अथवा चहलकदमी के बीच किसी घटना को इतनी निश्चिंतता और निडरता से अंजाम दे सकें। निश्चित रूप से यह वारदात जिम्मेदार विभागों को कटघरे में तो खड़ा करती है और अगर इसे गंभीरता से नहीं लिया गया तो आने वाले समय में इस तरह की घटनाओं की पुर्नावृत्ति को रोकना कठिन हो जाएगा।

### आरोपियों ने मरा जानकर चट्टानो के बीच खोह में ठूंसा था युवती को



बदौरा के पास जंगल में चट्टानों के बीच जिस सुरंग में एक लड़की को संभवतः मृत समझ कर दबाया गया था उसकी रविवार को हरिभूमि के संवाददाता रविनंदन पाण्डेय ने ग्राउंड रिपोर्टिंग की। उनके साथ पिकनिक मनाने गए पति पत्नी के साथ मिलकर उक्त लड़की को निकालकर बचाने वाले पूर्व जिला पंचायत सदस्य शत्रुहन साहू भी उनके साथ थे। श्री पाण्डेय ने बताया कि घटना स्थल को देखकर किसी का भी कलेजा कांप जाएगा। इसे ईश्वरीय प्रेरणा अथवा चमत्कार ही कहेंगे कि उस दिन, वहां पर समय रहते पिकनिक मनाने एक परिवार का आना और फिर उनके द्वारा उसी रास्ते से गुजर रहे, शत्रुहन साहू को बुलाकर घटना की जानकारी देना और फिर उनके संयुक्त प्रयास और काफी मशक्कत के बाद लड़की को बाहर निकालना संभव हो सका। श्री पाण्डेय ने बताया कि युवति के साथ आरोपियों ने जीवलेवा मारपीट करने के बाद उसे मरा जानकर दो विशालकाय चट्टानो की खोह में ठूंस दिया था और खोह के ऊपर पत्थर रख दिए थे। लेकिन युवति की चीख पुकार सुनकर पिकनिक मनाने गए कुछ लोग श्री साहू के साथ पर पहुंच गए और श्री साहू ने घटना स्थल से कुछ दूर जंगल में बसे गाय चराने वाले यादव परिवार की महिलाओं को बुला लिया। श्री साहू ने बताया कि आरोपियों ने लड़की के शरीर को इतनी संकरी जगह पर इस तरह ठूंसा हुआ था कि प्रथम प्रयास में उन्हें उसे निकाल पाना असम्भव लगने लगा था। यह भी सच है कि अगर श्री साहू वहां नहीं पहुंचते तो सैलानी दम्पत्ति भी चाहकर कुछ नहीं कर पाते और हो सकता है देर हो जाने के कारण कुछ भी हो सकता था। लेकिन इसे चमत्कार ही कहें बमुस्किल युवति को जीवित बाहर निकाल लिया गया।

**हादसा:** 20 से अधिक यात्री घायल, कईयों को आई गंभीर चोट, पट्टा टूटने से हादसा

# यात्रियों से खचाखच भरी बस अनियंत्रित होकर खेत में पलटी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले की सड़कों में आए दिन हो रहे छोटे बड़े सड़क हादसों के बीच रविवार को एक बार फिर यात्रियों से भरी एक बस दुर्घटना का शिकार हो गई। बताया जाता है कि बस पंडरिया से बिलासपुर जा रही थी लेकिन अपने गंतव्य में पहुंचने से पहले ही दुर्घटना का शिकार हो गई। इस हादसे में बस सवार करीब 20 से अधिक यात्री घायल बताए जाए रहे हैं जिनमें से कुछ को गंभीर चोटे आई है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची डॉयल 112 और पंडरिया पुलिस की टीम द्वारा एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रोज की तरह रविवार की सुबह भी करीब 7.30 बजे तिवारी ट्रेवल्स की बस क्रमांक सीजी 10 जी 1652 का चालक पंडरिया से बिलासपुर जाने के लिए निकला था। बताया जाता है कि बस में करीब 30 से 40 महिला, पुरूष, बच्चे, बुजुर्ग यात्री सवार थे।

यात्रियों की माने तो बस काफी तेज गति से अपने गंतव्य की ओर आगे बढ़ रही थी, कि इसी दौरान पंडरिया थाना क्षेत्र के ग्राम किशुनगढ़ के पास तेज आवाज के साथ बस का पट्टा टूट गया। बस का पट्टा टूटते ही तेज रफ्तार बस अनियंत्रित हो गई और चालक ने बस पर से अपना नियंत्रण खो दिया। यात्रियों के मुताबिक तेज रफ्तार अनियंत्रित बस सड़क छोड़ सड़क किनारे खेत में जा घुसी और पलट गई। बस के पलटने के बाद मौके पर यात्रियों के बीच अफरातफरी और चीख पुकार मच गई। जिसे सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीण तत्काल घटना स्थल पर पहुंचे और उन्होने सहयोग करते हुए बस में फंसे घायल यात्रियों को बाहर निकालने में मदद की।

इस बीच घटना की जानकारी डॉयल 112 तथा पंडरिया पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची डॉयल 112 और पंडरिया पुलिस की टीम ने सभी घायलों को एम्बुलेंस की मदद से पंडरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। जहां घायलों का ईलाज किया जा रहा है।

बताया जाता है कि इस दुर्घटना में करीब 20 से अधिक यात्रा घायल है जिनमें से कुछ को गंभीर चोटे आई हैं। बहरहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। हालांकि अभी तक पुलिसिया कार्यवाही की जानकारी नहीं मिल पाई है।

### जिले की सड़कों में फर्राटे भर रही खस्ताहाल अनफिट बसें, विभाग नींद में






यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले की सड़कों में इस तरह से यात्री बसों के अनियंत्रित होकर पलटने की यह कोई पहली घटना नहीं है। इसमें पूर्व भी कवर्धा- पोंड़ी मार्ग, पंडरिया-कुकदुर मार्ग, पंडरिया-बिलासपुर मार्ग सहित अन्य मार्गो में कई बार यात्री बसें दुर्घटना का शिकार हो चुकी है। जिनमें कई यात्री घायल भी हो चुके है और कुछ की जान भी जा चुकी है। माना जा रहा है कि इन यात्री बसों के दुर्घटना का शिकार होने का मुख्य कारण एक तो बसों की तेज रफ्तार है और दूसरा अनफिट बसों का सड़क पर फर्राटे भरना है। जिस पर शासन-प्रशासन, पुलिस प्रशासन तथा परिवहन विभाग लगाम लगाने में असमर्थ साबित हो रहा है। परिवहन विभाग जरूर कभी कभार कार्यवाही के नाम पर खानापूर्ति करने सड़क पर उतरता है लेकिन ऐसा लगता है यह तभी किया जाता है जब बस संचालक विभाग चौखट पार नहीं करते। अब बस संचालक विभाग की चौखट क्यों पार करते हैं यह न तो बताने की जरूरत है और न ही समझाने की जरूरत है।

# भोरमदेव कॉरिडोर से पर्यटन विकास को मिलेगी नई पहचानः नीलू शर्मा

■ कबीरधाम जिले में पर्यटन विकास की असीम संभावनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने कहा है कि कबीरधाम जिले में पर्यटन विकास की असीम संभावनाएं हैं, और भोरमदेव कॉरिडोर का निर्माण इस दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित होगा।

कवर्धा प्रवास के दौरान श्री शर्मा ने भोरमदेव मंदिर पहुंचकर विशेष पूजा-अर्चना की और बाबा भोरमदेव से प्रदेशवासियों की समृद्धि की कामना की। श्री शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के मार्गदर्शन व विशेष प्रयासों से भारत सरकार के केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय द्वारा स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के तहत कबीरधाम जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों के समग्र विकास के लिए 146 करोड़ रूपए की स्वीकृति मिली है।

इस राशि से भोरमदेव मंदिर, मड़वा महल, छेरकी महल, रामचुवा मंदिर और सरोदा बांध जैसे स्थलों का समग्र विकास किया जाएगा। छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल द्वारा भोरमदेव कॉरिडोर निर्माण की विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। श्री शर्मा ने बताया कि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, पर्यटन मंडल के अधिकारियों, जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में इस परियोजना को अंतिम रूप दिया गया है।

बैठक के दौरान जानकारी दी गई कि भोरमदेव मंदिर के इतिहास में पहली बार जल शुद्धिकरण (वाटर ट्रीटमेंट) की ऐतिहासिक पहल की जा रही है। मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण कर उसे भव्य और सुविधायुक्त स्वरूप में विकसित किया जाएगा। परियोजना के अंतर्गत छह भव्य प्रवेश द्वार, नागद्वार, पार्क, संग्रहालय, परिधि दीवारों का संवर्धन, नई सीढ़ियों का निर्माण, पिलर हॉल, चिल्ड्रन पार्क, प्रसाद मंडप, अनुष्ठान भवन, यज्ञ स्थल, शौचालय, मेला ग्राउंड की ओर से पार्किंग सहित प्रवेश द्वार जैसी सुविधाएं शामिल हैं। मंदिर के समीप एक आधुनिक संग्रहालय का निर्माण प्रस्तावित है, जो वर्तमान संग्रहालय से चार से पांच गुना बड़ा होगा।

श्रद्धालुओं के लिए जूते रखने की व्यापक व्यवस्था, तालाब क्षेत्र का सौंदर्यीकरण, म्यूजिकल फाउंटेन, जल संरक्षण की व्यवस्था, भंडारा भवन, कांवड़ियों के लिए डोम, छायायुक्त सीढ़ियां, मंच, पार्किंग और कई अन्य सुविधाओं का विकास किया जाएगा। बैठक के बाद छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष श्री शर्मा ने प्रदेश तथा जिले के सुप्रसिद्ध पर्यटन स्थल सरोदा दादर(चिल्फी घाटी) में बने पर्यटन रिसोर्ट का निरीक्षण किया।

## वट सावित्री पूजन के लिए कराई साफ सफाई



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

माताओं एवं बहनों का विशेष पर्व वट सावित्री पूजन सोमवार को है जिसके लिए नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी द्वारा कवर्धा शहर के विभिन्न स्थानों पर वट पूजा हेतु पहुंचने वाली महिलाओं का विशेष ख्याल रखते हुए पूजा स्थल पर ही आवश्यक टेंट, कुर्सी की व्यवस्था किया जा रहा है उन्होनें आज शहर में वट पूजा होने वाले स्थलों को चिन्हांकित कर साफ-सफाई कराया गया। साथ ही माताओं एवं बहनों की आस्था का पर्व वट सावित्री की बधाई व शुभकामनाएं भी प्रेषित की है।

## समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं व मांगों का हो रहा समाधानः पूर्णिमा मनीराम साहू




**कवर्धा।** जिले के विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम कुसुमघटा में गत शनिवार को प्रदेश की विष्णुदेव सरकार एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की मंशा के अनुरूप चलाए जा रहे सुशासन तिहार के तहत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से जिला पंचायत सभापति श्रीमती पूर्णिमा मनीराम साहू, जनपद पंचायत बोड़ला की अध्यक्ष बालका रामकिंकर वर्मा, उपाध्यक्ष नंद श्रीवास, मण्डल अध्यक्ष मोहन धुर्वे उपस्थित थे। शिविर में जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ विभागीय अधिकारियों ने स्टाल लगाकर अपने विभाग को प्राप्त आवेदनों के समाधान की जानकारी आवेदकों को दी। साथ ही शिविर में पहुंचे ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई है। इस अवसर पर उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सभापति श्रीमती पूर्णिमा मनीराम साहू ने कहा कि प्रदेश की विष्णुदेव सरकार तथा क्षेत्रीय विधायक व प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की मंशा साफ है कि ग्रामीणों को न सिर्फ सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो बल्कि उन्हें अपनी समस्याओं व मांगों के लिए भटकना न पड़े। अपनी इसी मंशा को मूर्त रूप देने सरकार द्वारा सुशासन तिहार के तहत अब समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। श्रीमती साहू ने कहा कि इस समाधान शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं व मांगों का समाधान कर उन्हें जानकारी दी गई। उन्होने कहा कि यह शिविर शासन-प्रशासन और विभागीय अधिकारियों के साथ ग्रामीणों का संवाद स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान उनके गांव में हो रहा है। क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों का समुचित विकास हो रहा है और ग्रामीणों को प्रधान मंत्री आवास, राशन कार्ड, महतारी वंदन योजना, मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना जैसी तमाम जनकल्याणकी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम में विदेशीराम धुर्वे, मधुप्रीतम वर्मा, शिवनाथ वर्मा, संगीता चन्द्रवंशी, रमेश मेरावी, रामविलास चन्द्रवंशी, छोटूराम चन्द्रवंशी, कांशीराम सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के ग्रामीण, जनप्रतिनिधि तथा प्रशासन व विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# 29 मई से 12 जून तक कबीरधाम में चलेगा विकसित कृषि संकल्प अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले में किसानों की आय बढ़ाने और खेती को लाभकारी बनाने के उद्देश्य से 29 मई से 12 जून तक 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' चलाया जाएगा। यह अभियान कृषि एवं समवर्गी विभाग के तत्वावधान में जिले के गांव-गांव तक पहुंचेगा, जहां वैज्ञानिकों की टीम किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों, आधुनिक उपकरणों और शासन की योजनाओं की जानकारी देगी। अभियान के दौरान खरीफ सीजन की प्रमुख फसलों के लिए उन्नत खेती के तौर-तरीकों, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार फसल चयन और संतुलित खादों के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। साथ ही किसानों के अनुभव, नवाचारों और फीडबैक के आधार पर कृषि अनुसंधान की दिशा तय की जाएगी। जिले के सभी ग्राम पंचायतों में अभियान का प्रचार-प्रसार किया जाएगा और मुनादी के माध्यम से अधिक से अधिक किसानों को शिविरों में आमंत्रित किया जाएगा। कबीरधाम जिले में इस अभियान के क्रियान्वयन के लिए तीन विशेष टीमें बनाई गई हैं। ये टीमें प्रतिदिन 6-6 ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित कर किसानों से सीधा संवाद करेंगी। प्रत्येक टीम में आईसीएआर, कृषि विज्ञान केन्द्र, कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी एवं मत्स्य विभाग के अधिकारी, जन प्रतिनिधि, प्रगतिशील किसान, एफपीओ एवं एफआईजी प्रतिनिधि शामिल रहेंगे। इन शिविरों में वैज्ञानिकों द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, कृषि ड्रोन प्रौद्योगिकी का उपयोग, धान की सीधी बुवाई सोयाबीन में उन्नत फसल तकनीक, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, बीज व उर्वरक उपयोग की जानकारी दी जाएगी। साथ ही आईसीटी माध्यमों से किसानों को जागरूक किया जाएगा। अभियान की प्रभावी निगरानी हेतु उप संचालक कृषि कार्यालय में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। जिले के किसानों से अपील की गई है कि वे इस अभियान में सक्रिय सहभागिता कर उन्नत खेती अपनाएं और शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ लें।

# गौरकांपा में कल धूमधाम से मनाई जाएगी शनि जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭कोदवागोडान

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी विकासखण्ड पंडरिया के गौरकापाधाम में स्थित श्री शनि मंदिर में श्री शनि जन्म महोत्सव धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के बीच मनाया गया जायेगा। इस संबंध में आयोजक गणेश जी हनुमान जी महाराज श्रीश्री 108 श्री विवेकगिरी महाराज एवं समस्त शनि भक्त श्री सिद्ध शिव शनिधाम गौरकापा से मिली जानकारी के अनुसार शनि जयंती के अवसर पर 27 मई को मंदिर में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। इस दिन प्रातः 7.00 बजे 108 दीप माला से शनि महाराज की महाआरती की जायेगी। इससे पूर्व प्रातः 4.00 बजे पूजा प्रारंभ कर दी जायेगी तथा शनि स्त्रोत, शनि चालीसा, सहस्त्रनाम, शनिमंत्र जाप, हवन पूर्णाहुति एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। आयोजकों ने समस्त क्षेत्रवासी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में उपस्थित होने का आव्हान किया है।



लोगों को बताई गई भारतीय सेना के अदम्य साहस और शौर्य की गाथा

# मातृशक्ति की अभिनव पहल, नगर में निकाली गई सिंदूर शौर्य यात्रा




हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

मन समर्पित, तन समर्पित और यह जीवन समर्पित की भावनाओं के साथ कवर्धा की मातृशक्ति ने अभिनव कदम उठाते हुए भारतीय सेना के प्रति कृतज्ञता अर्पित करने के उद्देश्य से गत शनिवार को सिंदूर शौर्य यात्रा का आयोजन किया। राष्ट्रीय स्वाभिमान मंच, कबीरधाम के तत्वाधान में आयोजित यह यात्रा श्रीराम मंदिर पुराना कचहरी से युनियन चौक, राधाकृष्ण मंदिर करपात्री चौक, शीतला माता मंदिर, सराफा लाईन, आजाद चौक, गुरुनानक गेट से होते हुए गांधी मैदान कवर्धा पहुंची जहां एक सभा के रूप में समाप्त हुई। सिंदूर शौर्य यात्रा के दौरान मार्ग पर भारतमाता की जय, भारतीय सेना की जय, हमारी भारतीय सेना के द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की आवश्यकता क्यों पड़ी जिसके बारे में सभी आमजनों को माईक के माध्यम से सभी चौक चौराहों पर बताया गया कि किस प्रकार हमारी सेना ने अपने अद्भुत पराक्रम कौशल का प्रदर्शन कर पाकिस्तान के नौ सैन्य अड्डे को ध्वस्त कर दिया। सभा में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित शासकीय महाविद्यालय लोहारा की प्राचार्य श्रीमती कांति सिंह परिहार ने सभा में उपस्थित जनो को ऑपरेशन सिंदूर की पृष्ठभूमि के बारे में विस्तार से बताया। इस ऑपरेशन में भारत की महिला सैनिकों के योगदान को चिन्हांकित करते हुए उन्होंने भारत की सैन्य एवं कूटनीतिक क्षमता का उल्लेख किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। कार्यक्रम के अंत में सैनिक कल्याण परिषद के पूर्व सैनिकों का सम्मान किया गया। राष्ट्रीय स्वाभिमान मंच, जिला कबीरधाम के सिंदूर शौर्य सभा का मंच संचालन श्रीमती नम्रता मोदी के द्वारा किया गया। सिंदूर शौर्य यात्रा को सफल बनाने में श्रीमती सतविंदर पाहुजा, श्रीमती रानी पाली, श्रीमती लता बैस, अदिति मिश्रा, श्रीमती सुरेखा पाली, श्रीमती अदिति कश्यप, श्रीमती सविता ठाकुर, श्रीमती मनीषा साहू, श्रीमती मंजू पाटस्कर, श्रीमती आरती कौशिक आदि का सहयोग रहा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

# कांग्रेस ने दी झीरमघाटी के शहीदों को श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

झीरम घाटी में 25 मई 2013 को अपने प्राणों की आहुति देने वाले कांग्रेस नेताओं को श्रद्धांजलि देने के लिए रविवार को कांग्रेस भवन कवर्धा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान, उपस्थित लोगों ने झीरम घाटी के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बलिदान को याद किया। इस अवसर पर उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक ठाकुर ने कहा कि झीरम घाटी के शहीदों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा और कांग्रेस पार्टी उनकी याद में हमेशा एकजुट रहेगी। मणिकांत त्रिपाठी ने भी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि कांग्रेस नेताओं की शहादत ने कांग्रेस पार्टी को और मजबूत बनाया है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने शहीदों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और उनके साथ एकजुटता व्यक्त की। कार्यक्रम का समापन शहीदों के सम्मान में राष्ट्रगीत के साथ हुआ। गौरतलब है कि झीरम घाटी में हुए हमले में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता शहीद हो गए थे, जिनमें पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ला और छत्तीसगढ़ कांग्रेस के अध्यक्ष नंदकुमार पटेल शामिल थे। इस हमले ने पूरे देश को हिला कर रख दिया था। आज के कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों ने शहीदों की याद में मौन रखा और उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया। इस अवसर पर इस कार्यक्रम में शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक ठाकुर, कवर्धा ग्रामीण अध्यक्ष मणिकांत त्रिपाठी, गोपाल चंद्रवंशी संगठन महामंत्री, बिन्नू तिवारी पार्षद, ईश्वर वैष्णव, जुगेश चंद्रवंशी, संतोष यादव, अगम दास आनंद, अजहर खान, धनेश पाली, जलेश्वर यादव, जयंत जायसवाल, नरेंद्र धुर्वे, राहुल सिंहा, सुरेश वर्मा मिडिया प्रभारी सहित कांग्रेस के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

